CIN-NO-UT4999RJ2020PTC0679.
UN NO-200022186

Title Code-RAJHIN27921

# मरूधर विशेष

वर्षः 1 अंकः 17 | हिन्दी | प्रातः कालीन | जयपुर, रविवार, 21 अगस्त, 2022 | पृष्ठ :4 | मूल्यः 2 रुपए

# केजरीवाल भ्रष्टाचार के नए किंगपिन है: अनुराग ठाकुर

## इनका काम, घोटाले करो, उल्टे पैर भागो, जनता को पीठ दिखाओ



**नई दिल्ली n एजेंसी**

केंद्रीय मंत्री और भाजपा नेता अनुराग ठाकुर ने शनिवार को दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया पर तंज कसा और उन्हें M O N E Y SHH कहा। प्रेस को संबोधित करते हुए अनुराग ठाकुर ने कहा, 'केजरीवाल भ्रष्टाचार के नए किंगपिन हैं, आरोपी नंबर वन मनीष सिसोदिया का नया नाम है M O N E Y SHH है। इसका मतलब कमाई करो, और चुप रहो'।

अनुराग ठाकुर ने तंज कसते हुए कहा कि यह है इन लोगों को काम, घोटाले करो, उल्टे पैर भागो, जनता को पीठ दिखाओ, मीडिया के सवालों का जवाब न दो। और कोई महिला पत्रकार पूछे तो उसको लताड़ करके धमकी देने का काम करो। उन्होंने कहा कि इससे निंदनीय बात कुछ नहीं हो सकती। महिला सशक्तिकरण तो दूर, महिलाओं का अपमान कैसे करते हैं, यह आम आदमी पार्टी के नेताओं ने दिखाया है।

आम आदमी पार्टी के संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री पर निशाना साधते हुए अनुराग ठाकुर ने कहा कहा कि केजरीवाल राजनीति में आने से पहले भ्रष्टाचार को खत्म करने के लिए आंदोलन तो करते थे, लेकिन आज तक उन्होंने क्या किया। अरविंद केजरीवाल भ्रष्टाचार के किंगपिन हैं।

### पहले दिन छानबीन, दूसरे दिन पूछताछ

सीबीआई कार्रवाई ने अगले दिन की भूमिका तैयार कर दी थी। रेड का दौर समाप्त हुआ था, ऐसे में अगला कदम पूछताछ होना था। सवाल सिर्फ ये था कि सीबीआई सबसे पहले मनीष सिसोदिया से पूछताछ करेगी या फिर उनके करीबियों को बुलाया जाएगा। शनिवार सुबह सीबीआई ने उम्मीद के मुताबिक अपनी पूछताछ शुरू की। मनीष सिसोदिया के उन करीबियों को सवाल-जवाब के लिए बुलाया गया, जिन पर आरोप है कि उन्होंने कमीशन लेने के बदले शराब व्यापारियों को लाइसेंस दिए। उन करीबियों से 12 घंटे तक लगातार पूछताछ हुई, दस्तावेजों के आधार पर कई सवाल दागे गए, अब क्या जवाब दिए गए, सीबीआई का क्या काउंटर रहा, अभी तक इस बारे में कोई जानकारी सामने नहीं आई है। सीबीआई ने शनिवार को दिल्ली आबकारी नीति के क्रियान्वयन से जुड़े कथित भ्रष्टाचार के मामले में पूछताछ शुरू करने के दौरान तीन आरोपियों के बयान दर्ज किए।

## धर्मशाला में 64 साल का रिकॉर्ड टूटा

# कई राज्यों में बाढ़ और भूस्खलन से 31 की मौत



कांगडा में शनिवार को चक्की पुल ढहा

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** उत्तर भारत में भारी मानसूनी बारिश के चलते अचानक आई बाढ़ और भूस्खलन से हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और जम्मू-कश्मीर में कम से कम 31 लोगों की मौत हो गई है। 24 घंटों में अकेले हिमाचल प्रदेश में 22 लोगों की मौत और छह लापता हैं। वहीं उत्तराखंड, ओडिशा में चार-चार और झारखंड में एक व्यक्ति की मौत हुई है।

### कई घर ढहे रेल पुल बहा

हिमाचल प्रदेश में पिछले 24 घंटे में भारी बारिश के कारण हुए भूस्खलन, बाढ़ और बादल फटने की घटनाओं में कम से कम 22 लोगों की मौत हो गई। मृतकों में आठ एक ही परिवार के हैं। प्रदेश में दस लोग इन हादसों में घायल हुए हैं। धर्मशाला में 64 साल का रिकॉर्ड टूटा है। राज्य आपदा प्रबंधन विभाग के के अनुसार भारी बारिश से सबसे ज्यादा नुकसान मंडी, कांगड़ा और चंबा जिले में हुआ है। राज्य में 24 घंटे में मौसम संबंधी 36 घटनाएं दर्ज की गई हैं। मंडी में मनाली-चंडीगढ़ राष्ट्रीय राजमार्ग और शोघी में शिमला-चंडीगढ़ राजमार्ग सहित 743 सड़कों को जलभराव के कारण यातायात के लिए बंद किया गया है। मंडी जिले के उपायुक्त ने बताया कि अकेले मंडी जिले में बाढ़ और भूस्खलन के कारण 13 लोगों की मौत हो गई और छह लोग लापता हो गए। चक्की रेल पुल भारी बारिश से बह गया, जिससे पठानकोट और जोगिंदरनगर के बीच ट्रेन सेवा बाधित हो गई। उत्तराखंड में, शनिवार को तड़के बादल फटने की विभिन्न घटना में कम से कम चार लोगों की मौत हो गई।

## एक्सप्रेस न्यूज

### राज्यपाल की तबीयत खराब, कार्यक्रम निरस्त



**भोपाल, (प्रसं)।** राज्यपाल मंगुभाई पटेल की तबीयत खराब हो गई है। उन्हें थकान सहित अन्य शारीरिक दिक्कत है। लिहाजा चिकित्सकों ने उन्हें आराम की सलाह दी है। चिकित्सकों की सलाह के बाद अगले चार दिन के लिए राज्यपाल के सभी कार्यक्रम निरस्त कर दिए गए हैं। इधर राज्यपाल के अस्वस्थ होने की जानकारी मिलने पर मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान राजभवन पहुंचे और राज्यपाल का कुशलक्षेम जाना। इस दौरान उन्होंने शीघ्र ही राज्यपाल के स्वस्थ होने की कामना की।

### वरिष्ठ आईएएस एम गीता का निधन



**नई दिल्ली/रायपुर, (एजेंसी)।** छत्तीसगढ़ कैडर की वरिष्ठ आईएएस एम गीता का निधन हो गया है। वह 27 मई से बीमार चल रही थी और कोमा में थी। गीता ने मध्यप्रदेश में भी अपनी सेवाएं दी थी। गीता का दिल्ली के बीएल कपूर अस्पताल में इलाज चल रहा था। वे रूटीन चेकअप के लिए अस्पताल गई थी और वहां पर बेहोश हो गई थी। उसके बाद से उन्हें वेंटिलेटर पर रखा गया लेकिन उनकी हालत में बहुत ज्यादा सुधार नहीं आ पाया। बताया जाता है कि केरल की रहने वाली आईएएस गीता को किडनी से संबंधित बीमारी थी और उसका उपचार चल रहा था। एम गीता 1997 बैच के आईएएस अधिकारी थी और उन्होंने अपने कैरियर की शुरूआत डबरा में अनुविभागीय अधिकारी के रूप में की थी।

### गोविंदा को आरक्षण देने का फैसला बचकाना

**कोल्हापुर, (एजेंसी)।** इंडिया अगेंस्ट करप्शन के राष्ट्रीय अध्यक्ष हेमंत पाटिल ने सरकारी नौकरी में 'गोविंदा' को आरक्षण देने के महाराष्ट्र सरकार के निर्णय को राजनीतिक दृष्टिकोण और 'पोर्केल' (बच्चों का खेल) के रूप में लिये गये निर्णय की कड़ी आलोचना की। श्री पाटिल ने शनिवार को बताया कि 'गोविंदा' को नौकरी में आरक्षण देना केवल बचकाना खेल है, जो नाटक केवल परंपरा और संस्कृति से जुड़ा है तथा सरकार ने यह निर्णय केवल मुंबई निगम के आगामी निकाय चुनाव को देखते हुए लिया। उन्होंने राज्य सरकार से विभिन्न प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी कर रहे कई छात्रों की भावनाओं को ध्यान में रखते हुए इस निर्णय को तुरंत वापस लेने की मांग की। उन्होंने यह भी मांग की कि सरकार ऐसे बच्चे खेलने के फैसले के स्थान पर खाली सरकारी पद पर शिक्षित बेरोजगार छात्रों की भर्ती करे।

# प्रदेश के 32 लाख युवाओं को रोजगार देगी सरकार

## एक मीडिया समूह के कार्यक्रम में बोले सीएम

- एक साल में एक लाख सरकारी नौकरियां मिलेंगी
- बीते सात माह में 22 लाख से अधिक स्व रोजगार के अवसर सृजित किए

**भोपाल n प्रशासनिक संवाददाता**




मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने प्रदेश के युवाओं को रोजगार देने के मामले में बड़ा दावा किया है। उन्होंने कहा कि आने वाले वर्ष में बड़ी संख्या में नौकरी और स्व-रोजगार के अवसर युवाओं को मिलेंगे। प्रदेश में 32 लाख युवाओं को रोजगार देने का लक्ष्य है। युवाओं को आगामी एक वर्ष में एक लाख सरकारी नौकरियों में स्थान मिलेगा।

इसके लिए योजनाबद्ध तरीके से प्रयास प्रारंभ किए गए हैं। स्व-सहायता समूह से लगभग 43 लाख परिवार की महिलाएं जुड़ी हैं। इन्होंने अर्थ-व्यवस्था को नई ताकत दी है। समूह की बहनों को 3 हजार करोड़ रुपए का ऋण दिलवाया जा रहा है। विभिन्न योजनाओं से गत सात माह में लगभग 22 लाख से अधिक स्व-रोजगार के नए अवसर सृजित किए गए हैं। प्रधानमंत्री रोजगार सृजन और अन्य योजनाओं से प्रतिवर्ष करीब दो लाख लोगों को स्व-रोजगार के लिए मदद दी जा रही है। मुख्यमंत्री चौहान शनिवार को राजधानी के एक होटल सभाकक्ष में स्टेट ऑफस्टेट्स मप्र फर्स्ट, कार्यक्रम में प्रदेश में विभिन्न क्षेत्रों की प्रगति का ब्यौरा दे रहे थे। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम के दौरान प्रश्नों के उत्तर भी दिए। (शेष पेज 4 पर)

### एमएसएमई सेक्टर की तरह किसान होंगे लाभान्वित

मुख्यमंत्री ने कहा कि कृषि क्षेत्र में मप्र महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। जहां गेहूं उत्पादन में हम सबसे आगे हैं, वहीं फसलों के विविधीकरण और प्राकृतिक कृषि की तरफ भी ध्यान दिया जा रहा है। किसानों को राहत देने के लिए 13 प्रमुख कम्पनियों से चर्चा की गई है, जिसमें एमएसएमई सेक्टर की तरह किसान लाभान्वित होंगे। सरकार, किसान और निजी क्षेत्र संयुक्त रूप से प्रयास कर रहे हैं, जिसमें प्राकृतिक कृषि के लिए किसान प्रेरित हो रहे हैं। अनुबंध के अनुसार पैदावार को खरीदने के लिए मूल्य निर्धारित किया जाएगा।

### अब मप्र बनेगा चीता स्टेट

मुख्यमंत्री ने कहा कि टाइगर और लेपर्ड स्टेट के बाद अब मप्र चीता स्टेट भी बनेगा। पन्ना राष्ट्रीय उद्यान में टाइगर को पुनर्जीवन देने के बाद अब प्रदेश में चीतों एवं अन्य वन्य-प्राणियों के संरक्षण के लिए पहल की गई है। दक्षिण अफ्रीका और नामीबिया से मप्र के कूनो पालपुर राष्ट्रीय अभयारण्य में उन्हें बसाने का कार्य किया जा रहा है।

### मप्र देगा अधिक योगदान

मुख्यमंत्री ने कहा प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत प्रथम है और आगे भी रहेगा। हम भारत की प्रगति में सर्वश्रेष्ठ योगदान देने वाले राज्य के रूप में लगातार कार्य करेंगे। मप्र विभिन्न क्षेत्रों में असाधारण प्रगति के उदाहरण प्रस्तुत कर चुका है। भविष्य में भी यही लक्ष्य है कि अधो-संरचना के साथ रोजगार वृद्धि, औद्योगिक विकास, कृषि, शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्र को और समृद्ध बनाया जाए। मुख्यमंत्री ने सीएम राइज विद्यालयों के प्रयोग और अन्य नवाचारों की भी जानकारी दी।

## पाक तस्करों द्वारा ड्राप किए हेरोइन के दो पैकेट मिले

**श्रीगंगानगर, (एजेंसी)।** राजस्थान में अंतरराष्ट्रीय सीमा पर पाकिस्तानी तस्करों द्वारा ड्रोन से ड्राप किए एक-एक किलो हेरोइन के पैकेट भारतीय सीमा क्षेत्र में लगभग ढाई किमी अंदर एक खेत में पड़े मिले हैं। प्राप्त जानकारी के मुताबिक अनूपगढ़ सेक्टर में बीएसएफ की बिंजोर पोस्ट से कुछ ही दूरी पर शनिवार सुबह करीब छह बजे एक खेत में काम कर रहे किसानों पीले रंग की पॉलिथीन के दो पैकेट संदिग्ध रूप से पड़े मिले। उन्होंने तुरंत बीएसएफ पोस्ट को सूचना दी।

# सुशील मोदी ने किया लालू यादव को अपनी संपत्ति गिफ्ट करने का ऐलान

**पटना, (एजेंसी)।** बिहार की महागठबंधन सरकार पर पूर्व उप मुख्यमंत्री व राज्यसभा सदस्य सुशील कुमार मोदी ने आरोप लगाए तो लालू प्रसाद यादव का राष्ट्रीय जनता दल (राजद) हमलावर हो गया। शुक्रवार को खान एवं भूतत्व मंत्री रामानंद यादव ने सुशील मोदी पर जमीन कब्जा करने का आरोप लगा उनकी संपत्ति की जांच करने की बात कही थी।

### बोले-मेरे खिलाफ लगाए आरोप सही साबित करें

शनिवार को मामले को लेकर सुशील कुमार मोदी ने पलटवार किया। उन्होंने कहा कि मेरे खिलाफ लगाए गए आरोप सही हैं तो मैं अपनी संपत्ति लालू परिवार को उपहार में दे दूंगा। मोदी ने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर मुझपर लगाए गए आरोप गलत निकले तो मानहानि का मुकदमा करूंगा।

बता दें कि शुक्रवार को प्रदेश के खान एवं भूतत्व मंत्री रामानंद यादव ने कहा था कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सांसद सुशील मोदी जुमलेबाज हैं। उनके जैसा दबंग नेता पूरे बिहार में नहीं होगा। मंत्री ने आरोप लगाया था कि डिप्टी सीएम रहते सुशील कुमार मोदी ने पटना की लोदीपुर और खेतान मार्केट की जमीन पर कब्जा किया। उन्होंने कहा कि इस घटनाक्रम से उनकी हनक का पता चलता है। रामानंद यादव ने कहा था कि हम सुशील मोदी के साथ ही उनकी पत्नी, भाई और भाई की पत्नी की संपत्ति की जांच कराएंगे।

# रीवा में अफ्रीकन फीवर अलर्ट मोड में सरकार

**भोपाल, (प्रसं)।** मप्र में भी अफ्रीकन फीवर ने दस्तक दे दी है। रीवा जिले में मृत मिले सूअरों में अफ्रीकन फीवर की पुष्टि हो गई है। इसके बाद राज्य सरकार अब अलर्ट मोड में आ गई है। विभागीय अधिकारियों- कर्मचारियों को जहां सतर्क रहने की नसीहत दी गई है, वहीं रोकथाम के लिए दिशा- निर्देश भी जारी कर दिए गए हैं।

### मृत मिले सूअरों में हुई पुष्टि

संचालक पशुपालन एवं डेयरी डॉ. आरके मेहिया के मुताबिक रीवा शहर में सूकरों की मौत की सूचना प्राप्त हुई है। मृत सूकरों के सेम्पल जांच के लिए रीवा जिले के पशु चिकित्सा अधिकारियों द्वारा राष्ट्रीय उच्च सुरक्षा पशुरोग संस्थान को भेजे गए थे। नमूनों की जांच से मृत सूकरों में अफ्रीकन स्वाइन फीवर बीमारी की पुष्टि हुई है।

अफ्रीकन स्वाइन फीवर, सूकरों में होने वाली वायरस जनित बीमारी है। यह सूकरों से अन्य पशुओं, गाय, भैंस, बकरी में नहीं फैलती है। साथ ही यह सूकरों से मनुष्यों में भी नहीं फैलता है। उन्होंने बताया कि अफ्रीकन स्वाइन फीवर का वर्तमान में कोई उपचार व कोई टीकाद्रव्य भी नहीं है। अतः इस बीमारी से बचाव एवं बीमारी को फैलने से रोकना ही एकमात्र उपाय है। फीवर से बचाव के लिए सभी संभाग एवं जिला अफसरों को बीमारी की स्थिति में नेशनल एक्शन प्लान फॉर कंट्रोल, कन्टेनमेन्ट और इरेडिकेशन ऑफ अफ्रीकन स्वाइन फीवर के अनुसार कार्रवाई करने के निर्देश जारी किए हैं। (शेष पेज- 4 पर )

## बारिश में किया ताज का दीदार



शनिवार को आगरा का ताजमहल देखने पहुंचे पर्यटकों को बारिश से सामना करना पड़ा, इस सुहाने मौसम में उन्होंने छतरी से सहारे ताज का दीदार किया।

# सेना खरीद सकेगी फास्ट ट्रैक रूट से हथियार

**नई दिल्ली n एजेंसी**

भारतीय सेना जल्द ही फास्ट ट्रैक रूट के जरिए सीधे कोई भी रक्षा उपकरण या हथियार खरीद सकेगी। इसके लिए सुरक्षाबलों को आपातकालीन अधिग्रहण शक्तियों के तहत महत्वपूर्ण हथियार प्रणालियों को खरीदने की मंजूरी देने की तैयारी है। इससे सुरक्षाबल अपनी ऑपरेशनल तैयारियों को और अधिक मजबूत कर सकेंगे।

सरकार यह फैसला ऐसे समय लेने जा रही है जब चीन के साथ भारत का गतिरोध चल रहा है। सूत्रों के अनुसार, अगले हफ्ते होने वाली उच्च स्तरीय रक्षा मंत्रालय की बैठक में रक्षा बलों को आपातकालीन अधिग्रहण अधिकार देने के मसले पर चर्चा होने की उम्मीद है। आपातकालीन शक्तियां सुरक्षा बलों को संघर्ष की स्थिति के लिए तैयारियों में सुधार करने के लिए फास्ट-ट्रैक के जरिए कोई भी नया या इस्तेमाल में लाए जाने वाले उपकरण खरीदने की मंजूरी देती हैं।

**सर्जिकल स्ट्राइक बाद दी गई थी शक्तियां:** पाकिस्तान के साथ बढ़े तनाव के दौरान वर्ष 2016 में उरी सर्जिकल स्ट्राइक के बाद पहली बार रक्षा बलों को ये शक्तियां दी गई थी। सैन्यबलों के लिए यह शक्तियां चीन के साथ चल रहे सैन्य गतिरोध से निपटने में भी मददगार साबित हुईं। सेना और भारतीय वायुसेना ने इन शक्तियों का इस्तेमाल अपने छोटे हथियारों को मजबूत करने के लिए किया, क्योंकि सिग सॉय असॉल्ट राइफल्स को अब तीनों बलों में शामिल कर लिया गया है।

## कैश कांड

### झारखंड कांग्रेस के विधायकों को मिली जमानत, विधायक इरफान ने ममता पर लगाए आरोप

# राजनीतिक लाभ के लिए गलत तरीके से फंसाया

**रांची n एजेंसी**



झारखंड के तीन कांग्रेस विधायकों को कलकत्ता हाईकोर्ट ने जमानत दे दी है। कोर्ट ने जामताड़ा के विधायक इरफान अंसारी, खिजरी के विधायक राजेश कच्छप और कोलेबीरा के विधायक नमन विक्सल कोंगाड़ी को अंतरिम जमानत दे दी है इन विधायकों को पश्चिम बंगाल के हावड़ा जिला में पिछले दिनों 50 लाख रुपए नकद के साथ गिरफ्तार किया गया था। जमानत मिलने के बाद जामताड़ा के विधायक इरफान अंसारी ने शनिवार को पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर गंभीर आरोप लगाए। अंसारी ने कहा कि मुख्यमंत्री ने राजनीतिक लाभ के लिए हमें गलत तरीके से फंसाया है। जो भी पैसे बरामद किए गए हैं, वो हमारे है। इरफान अंसारी ने कहा कि हमारी रगों में कांग्रेस का खून बह रहा है। हम कभी भारतीय जनता पार्टी में शामिल नहीं हो सकते।

### तीन विधायक सरकार नहीं गिरा सकतेः अंसारी

इरफान अंसारी ने कहा कि तीन विधायक कभी भी किसी सरकार को नहीं गिरा सकते हैं। इरफान अंसारी, राजेश कच्छप और नमन विक्सल कोंगाड़ी पर झारखंड की गठबंधन सरकार को गिराने की साजिश रचने का आरोप है। हालांकि, विधायकों ने इस आरोप को सिरे से खारिज कर दिया है। पिछले दिनों हाईकोर्ट ने इन्हें अंतरिम जमानत देते हुए कहा था कि सभी को व्यक्तिगत रूप से हर सप्ताह जांच अधिकारी के समक्ष पेश होना होगा।

### कांग्रेस विधायकों के वकील ने दी थी कोर्ट में ये दलील

उल्लेखनीय है कि कलकत्ता हाईकोर्ट ने तीनों विधायकों को 17 अगस्त को तीन महीने की अंतरिम राहत दी थी। कोर्ट ने केस की अगली सुनवाई की तारीख 10 नवंबर 2022 मुकर्रर की थी। उस दिन तीनों कांग्रेस विधायकों के वकील मुकुल रोहतगी ने कोर्ट में दलील दी थी कि इनके पास जो पैसे थे, वो साड़ी खरीदने के लिए थे। ये लोग जनजातीय महोत्सव के लिए साड़ियां खरीदने गये थे।

# जज 50 केस निपटाते हैं और 100 नए दायर हो जाते हैं : कानून मंत्री रिजिजू

### देश की अदालतों में करीब पांच करोड़ केस पेंडिंग



**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** देश की अदालतों में करीब 5 करोड़ लंबित मामले पड़े हैं। इसके बारे में कानून मंत्री किरेन रिजिजू ने शनिवार को कहा कि अगर कोई जज 50 मामलों का निपटारा करता है, तो 100 नए मुकदमे दायर कर दिए जाते हैं, क्योंकि लोग अब अधिक जागरूक हैं और विवादों को निपटाने के लिए अदालतों का दरवाजा खटखटाते हैं।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की मौजूदगी में सशस्त्र बल न्यायाधिकरण के कामकाज पर एक सेमिनार में रिजिजू ने कहा कि सरकार अदालतों में लंबित मामलों को कम करने के लिए टेक्नोलॉजी का उपयोग कर रही है।

एक खबर के मुताबिक कानून मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि वैकल्पिक विवाद समाधान तंत्र पर नए सिरे से ध्यान देने के साथ मध्यस्थता पर प्रस्तावित कानून अदालतों में मुकदमों की संख्या को कम करने में मदद करेगा।

रिजिजू ने यह भी कहा कि दूसरे देशों में लंबित मामलों और भारत के मामलों की संख्या में कोई तुलना नहीं होनी चाहिए, क्योंकि हमारी समस्याएं अलग तरह की हैं। संसद के मानसून सत्र के दौरान एक सवाल के जवाब में कानून मंत्री रिजिजू ने कहा था कि देश भर की अदालतों में 4.83 करोड़ से अधिक मामले लंबित हैं।

## राजकीय उच्च प्राथमिक विधालय मग्घा मे दही हांडी कार्यक्रम आयोजित हुआ



मरुधर विशेष / नरेन्द्र शास्त्री

**उदयपुर।** क्षेत्र के राजकीय उच्च प्राथमिक विधालय मग्घा मे श्री कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर शनिवार को नो बैग डे वाले दिन दही हांडी फोड़ कार्यक्रम आयोजित हुआ , कार्यक्रम विष्णु सामरिया ओर भंवरलाल घोघरा की देखरेख मे आयोजित हुआ 7 इस अवसर पर नरेन्द्र शास्त्री ने बताया की कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य श्री कृष्ण भगवान के चरित्र पर प्रकाश डालना था ताकि बच्चों मे उनके जैसे गुण विकसित हो 7 कार्यक्रम मे करनसिंह दलावत, नरेन्द्र शास्त्री, विष्णु सामरिया, भंवरलाल घोघरा, गहरीलाल मेघवाल, अध्यापिका सुनील कुमारी, अन्नाराम हिंगड , राजवीर लोहान सहित स्टाफ तथा चेतना गुर्जर, कल्पना गोस्वामी, युवराज गुर्जर, विशाल गोस्वामी सहित सभी बच्चे व ग्रामीण मौजूद रहे।

### भये प्रगट गोपाला दीन दयाला ....

## जन्माष्टमी में घर में कृष्ण व राधा के स्वरूप में सजे बच्चे



कुशलगढ़ से अरुण जोशी की रिपोर्ट

**कुशलगढ़।** गांधी चौक स्थित श्रीराम मंदिर परिसर में भी श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व भव्यता पूर्वक मनाया गया। रामलला के दरबार में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का आयोजन हुआ। अष्टमी तिथि को रोहिणी नक्षत्र के संयोग के बीच जैसे ही रात्रि के 12 बजे संपूर्ण राम जी मंदिर परिसर कृष्णभक्ति में डूब गया।

भये प्रगट गोपाला दीन दयाला यसुमति के हितकारी। हर्षित महतारी रूप निहारी मोहन मदन मुरारी...की स्तुति गूंजने लगी। घंटा, घड़ियाल बजने लगा। प्रायः रामभक्ति में लीन रहने वाले मौजूद श्रद्धालु कृष्णभक्ति में लीन होकर भगवान कृष्ण की स्तुति करने लगे। भगवान कृष्ण का जन्मोत्सव राम मंदिर में ऐसे ही मनाया जाता है, जैसे भगवान राम का जन्म उत्सव मनाया जाता है। इस दरमियान भगवान को धनिया की पंजीरी का भोग लगाया गया। बताया कि रात्रि में 12 बजे भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव मनाकर अगले दिन सुबह मंदिर पर दर्शन करने आने वाले भक्तों को भी धनिया की पंजीरी का प्रसाद वितरित किया जाता है। भगवान राम व कृष्ण में अभिन्नता प्रतिपादित है दोनों एक ही हैं। भगवान ने दोनों ही अवतारों में आकर धर्म की स्थापना की है।

राम मंदिर में भगवान राम,लक्ष्मण,सीता, बाल मुकुंद,बजरंग बली का वागा श्रृंगार समाज सेवी विप्र फाउण्डेशन महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य एवं जिला उपाध्यक्ष तिलोत्तमा पंड्या अरुण कुमार जोशी पत्रकार किया गया मामाजी मूर्ति गणेश मंदिर पर मटकी फोड़ प्रियोगिता में मीणा एंड पार्टी पाटी ने मटकी फोड़ कर 8 हजार रुपए से अधिक राशि जीत ली। इस के अलावा सरदार पटेल मार्ग पर निर्मल पंड्या,ओर त्रिवेदी मार्ग की झांकी देखने आसपास के इलाकों से ग्रामीण बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे।बिहारी मंदिर पर भजन कीर्तन का आयोजन रखा गया था। नगर के सभी मंदिरों में जन्माष्टमी धूमधाम से मनाई गई।

## कन्हैया के कीर्तन पर झूमे छात्र, बालिका स्कूल बागीदौरा में उत्सव



कुशलगढ़ से अरुण जोशी की रिपोर्ट

**कुशलगढ़।** बागीदौरा राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक बागीदौरा में नो बेग डे पर शनिवार को श्री कृष्ण जन्मोत्सव पर आकर्षक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गए। इस मौके पर कन्हैया के कीर्तन पर सभी छात्राएं झूम उठी। प्रधानाचार्य विनोद निनामा के मुख्य आतिथ्य में हुए कार्यक्रम में रवीना कतीजा, मनीषा, भूमिका पाटीदार, शीतल व दलों ने रंगारंग प्रस्तुतियां दी। विशिष्ट अतिथि राजेन्द्र प्रसाद मेहता, रमेश बरजोड़ व रितु नागर रहे। कार्यक्रम में कृष्ण-सुदामा की मित्रता पर प्रदीप आचार्य ने प्रेरक उद्बोधन दिया। कार्यक्रम में विद्यालय के वरिष्ठ अध्यापक प्रदीप पाटीदार को उपखण्ड स्तर पर को प्रशंसा पत्र मिलने पर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में नीलेश ठाकुर, विनोद पानेरी, फूलन परमार, स्नेहलता दोसी, जेपी गरासिया व प्रकाश कौर ने भी विचार व्यक्त किये। संचालन प्रदीप आचार्य ने एवं आभार जितेन्द्र सोनी ने व्यक्त किया। कर्यक्रम में 15 अगस्त को उपखण्ड स्तर की परेड के कमाण्डो बनी छात्राओं को पुरस्कार प्रदान किये गए।

## पंचायत समिति सभागार में सद्भावना दिवस पर सेमीनार का हुआ आयोजन

मरूधर विशेष



**कठूमर।दिनेश लेखी।** पंचायत समिति सभागार में सद्भावना दिवस सेमीनार का आयोजन किया जायेगा। जिसमें एसडीएम सहित सभी वक्ताओ ने गांधी दर्शन पर अपने अपने विचार व्यक्त किये ।

उपखंड़ अधिकारी लाखन सिंह ने विचार व्यक्त करते हुये कहां गांधी दर्शन के चार सिद्धांत सत्य अंहिसा प्रेम को स्कूल तक पहुचाया जाये। इस मौके पर सीबीईओ योगेंद्र सिंह कुशवाह,स्कूल व्याख्याता जिनेंद्र कुमार जैन और गांधी दर्शन समिति के संयोजक सीताराम शर्मा ने इस मौके पर गांधी दर्शन सह संयोजक अशोक कुमार, शिवदयाल शर्मा,सुरेंद्र कुमार, पीईओ विष्णु बंसल मौजूद रहे।

# हिंदुस्तान के सबसे बड़े ब्यूटी पेजेंट फॉरएवर मिस, मिसेज व टीन इंडिया 2022 सीजन 2 की हुई धमाकेदार शुरुआत

### पेजेंट के दूसरे दिन सिंगर मिस्टर मैक्स परफ़ॉर्मर के तौर पर और कंपनी डायरेक्टर खुशी साबू एक्ट्रेस के रूप में हुई लॉन्च

मरूधर हिंद




**जयपुर।** राजधानी जयपुर में फॉरएवर स्टार इंडिया की ओर से 19 से 22 अगस्त तक ऑनलाइन मोड पर आयोजित किए जा रहे हिंदुस्तान के सबसे बड़े नेशनल लेवल ब्यूटी पेजेंट "फॉरएवर मिस, मिसेज व मिस टीन 2022 सीजन 2" का आगरा शुभारंभ किया गया। पेजेंट में आगरा, ग्वालियर कोटा, अजमेर, भोपाल, जालंधर, चंडीगढ़, रतलाम, इटावा, जयपुर जैसे हिंदुस्तान के अलग अलग शहरों से पार्टिसिपेट कर रहीं सिटी विनर्स की क्राउनिंग घर बैठे ही ऑनलाइन तरीके से की गई। आज के इवेंट के दौरान मिस के साथ साथ मिसेज कैटेगरी की विनर्स को भी टाइटल क्राउन दिया गया। साथ ही सॉन्ग के जरिए कम्पनी डायरेक्टर खुशी साबू को एक्ट्रेस के तौर पर और सिंगर मिस्टर मैक्स को परफॉर्मर के रूप में लॉन्च किया गया। शो की खूबसूरत फोटोग्राफी व वीडियोग्राफी कार्य हर्ष केजे फोटोग्राफी द्वारा किया गया।

शो आयोजक एस्ट्रो राजेश अग्रवाल ने बताया कि आज इस चार दिवसीय इवेंट का यह दूसरा दिन है। आज सिटी विनर्स की 50 से ज्यादा मॉडल्स को ऑनलाइन तरीके से उनके फैमिली मेंबर्स के द्वारा विनर का ताज पहनाया गया। बाकी के दो दिन बची हुई सिटी लेवल की ही विनर्स को सैश व क्राउन पहनाया जाएगा। इस ऑनलाइन क्राउनिंग सेरेमनी के लिए एक ग्रैंड स्टूडियो को तैयार किया गया है, जहाँ इस क्राउनिंग सेरेमनी को शूट और आयोजित किया जा रहा है। इस इवेंट को चारों दिन इस शो के ऑफिशियल एप्लीकेशन व ओटीटी प्लेटफॉर्म पर लाइव स्ट्रीमिंग के जरिए टेलीकास्ट किया जा रहा है, जिसे इस पेजेंट से जुड़ी हर एक पार्टिसिपेंट्स, मेंबर्स और गेस्ट मेंबर्स कहीं से भी देख सकते हैं। यह ब्यूटी पेजेंट सेगमेंट में हो रहा अपने आप में एक खास प्रयोग है, जो कि देश में पहली बार किया जा रहा है। उन्होंने आगे बताया कि इस बार तीन स्टेप्स में इस शो को प्लान और डिजाइन किया गया है। जिसमें पहला चरण सिटी विनर्स, दूसरा स्टेट विनर्स और तीसरा नेशनल लेवल की विनर्स का है। सितंबर में स्टेट लेवल फिनाले और दिसंबर में नेशनल लेवल फिनाले का आयोजन जयपुर में ही ऑफलाइन मोड पर किया जाएगा।

# बारिश ने छीना वृद्ध दंपति का आशियाना

मरुधर हिन्द/ रमाकान्त शर्मा



बानसूर उपखंड के ग्राम पंचायत चतरपुरा के गांव बास नरबद में एक बुजुर्ग व्यक्ति रेवड राम सैनी पुत्र मंगल राम का कच्चा छप्पर बारिश से गिर गया। रेवड़ राम के पास मात्र एक ही झोंपडी थी, वो भी बरसात के कारण गिर गई । जिससे दम्पति को रहनें के लिए बहुत बड़ी समस्या हो गई ।

रेवड़ राम के मात्र एक लड़का है जिसका नाम जगदीश है लेकिन वो भी मानसिक रुप से दिव्यांग होनें के कारण पहले से ही दुखी परिवार पर बारिश से घर गिरने से फिर से दुखों का पहाड़ टूट गया ।

बुजुर्ग परिवार के पास वृद्धावस्था पेंशन के अलावा कोई भी आजीविका का साधन नहीं है। इनके नाम कोई जमीन भी नही है ।

बुजुर्ग से पूछताछ में पता चला है कि पूर्व में प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए आवेदन किया गया था ।लेकिन पंचायत की ओर से कोई भी तरजीह नहीं दी गई। जिसके कारण इन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ नहीं मिल सका ।

अब यह बुजुर्ग परिवार सरकार व बानसूर प्रशासन और ग्राम पंचायत से जल्दी ही सहायता उपलब्ध करानें की मांग कर रहा है।

# सद्भावना दिवस पर बानसूर के पंचायत समिति सभागार में सेमिनार का आयोजन किया गया

मरुधर हिन्द/रमाकान्त शर्मा




**बानसूर** -सद्भावना दिवस के उपलक्ष्य में बानसूर के पंचायत समिति सभागार में ब्लॉक स्तरीय सद्भावना शांति और विकास विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया।

सेमिनार में गांधीवादी दर्शन विचार से जुड़े हुए महानुभावों ने महात्मा गांधी की जीवन शैली से जुड़े हुए विचारों को लेकर संबोधन किया।

एसडीएम राहुल सैनी ने सम्बोधित करते हुए कहा कि आज के युग में हिंसा का वातावरण बना हुआ है और उस दौर में सद्भावना दिवस का आयोजन किया गया है। वहीं उन्होनें कहा की आज विचारकों के विचारों को सुनकर अपने देश को शांति और प्रगति के पथ पर लेकर चलना चाहिए। जब तक शांति नही होगी तब तक हमारा सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक विकास संभव नहीं है। हमारे देश के लिए शांति का पथ बहुत जरूरी है।

इस दौरान एसडीएम राहुल सैनी, नगर पालिका चेयरमैन नीता सज्जन मिश्रा, सीबीईओ मनोज सिंह शेखावत सहित सभी ब्लॉक स्तरीय अधिकारीगण व महात्मा गांधी जीवन दर्शन समिति के संयोजक, सहसंयोजक व सदस्य सहित स्कूल के छात्र- छात्राएं मौजूद रहे।

## कठूमर विधानसभा से भाजपा कार्यकर्ताओं ने जयपुर प्रदर्शन कर जेल भरो आंदोलन में हुए शामिल



मरूधर विशेष

**कठूमर। दिनेश लेखी।** शनिवार को जयपुर में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सतीश पूनिया के नेतृत्व में धरना प्रदर्शन किया।तथा जेल भरो आंदोलन में शामिल हुए। इस मौके पर संजय नरूका भाजपा जिला अध्यक्ष व पूर्व मंत्री मंगल राम कोली के नेतृत्व में कठूमर विधानसभा क्षेत्र से आए कार्यकर्ता, जिला उपाध्यक्ष भाजपा राजकुमार पंडा, तुहीराम चोधरी जिला अध्यक्ष आदर्श जाट समाज, पूर्व जिला पार्षद प्रतिनिधि ओमवीर एडवोकेट, मंडल अध्यक्ष खुडियाण नरेंद्र शर्मा , मंडल अध्यक्ष खेड़ली शिवचरण अवस्थी, मंडल अध्यक्ष भनोकर गजेंद्र नरूका, खोह मंडल संयोजक आनंद सिंह शेखावत, मंडल महामंत्री पुरन प्रजापत, ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष विनोद प्रजापत, ओबीसी मोर्चा जिला मंत्री बब्लेश गुर्जर, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष खेड़ली दीपक जैन सहित सैकड़ों की संख्या में सभी भाजपा कार्यकर्ताओं ने गिरफ्तारी दी,

## बानसूर में पूर्व प्रधानमंत्री की जयंती मनाई



मरुधर हिन्द/ रमाकान्त शर्मा

बानसूर बाईपास पर युवा नेता दुलीचंद सोलंकी के नेतृत्व में पूर्व प्रधानमंत्री स्व राजीव गांधी की 78 वी जयंती मनाई गई । पूर्व प्रधानमंत्री स्व राजीव गांधी के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एवं पुष्प अर्पित कर नमन किया। युवा नेता दुलीचंद सोलंकी ने बताया कि स्व श्री राजीव गांधी ने देश के लिए बलिदान दिया एवं अपनी दूरदर्शिता एवं पारदर्शिता से कंप्यूटर व दूरसंचार क्रांति की शुरुआत की । इस मौके पर कमलेश सराधना, नीरज यादव, राहुल योगी, प्रदीप गुर्जर ,विजेंद्र, जितेंद्र सोलंकी ,लोकेश यादव, राहुल शेखावत, हिमांशु यादव, कमल ,नवीन ,प्रदीप ,जितेंद्र सहित काफी लोग उपस्थित रहे ।

## तिजारा जन्माष्टमी पारो बड़ी धूमधाम से मनाया गया



मरुधर विशेष राकेश सैनी

तिजारा कस्बे में कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व बड़ी धूमधाम के साथ मनाया कस्बे के सभी मंदिर रोशनी से जगमगा उठे । कस्बे के हर गली मोहल्ले में कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व मटकी फोड़ कार्यक्रम राधा कृष्ण की झांकियां बहुत सुंदर सुंदर देखने को मिली तिजारा कस्बे के वार्ड नंबर 13 में स्थित श्री रामचंद्र टंकेश्वर नाथ शिव मंदिर श्री सत्यनारायण मंदिर शंकरगढ़ आश्रम, व्यास मंदिर, प्रेम पीठ भक्ति धाम बांके बिहारी मंदिर , श्याम मंदिर ,हनुमान मंदिर , कमेटी शिव ,मंदिर पंचायती मंदिर नौला धाम मंदिर सभी मंदिरों में कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व बड़ी धूमधाम के साथ मनाया कस्बे के अंबेडकर चौक पर मटकी फोड़ कार्यक्रम बड़ा ही मनमोहक कार्यक्रम रहा छोटे-छोटे नौनिहाल बच्चों को राधा और कृष्ण की पोशाक पहनाकर कृष्ण जी भगवान का दृश्य दर्शाया गया जो बहुत ही सराहनीय रहा रात्रि 12:00 बजे कृष्ण भगवान के अभिषेक के बाद आरती व प्रसाद वितरण किया गया।

## तिजारा अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक घायल तिजारा तहसीलदार ने कराया उपचार मानवता फर्ज निभाया

मरुधर विशेष राकेश सैनी



तिजारा पलाडिया क्षेत्र के मेगा हाईवे पर अज्ञात वाहन की टक्कर से एक युवक घायल हो गया । तहसीलदार बसंत परसोया हाईवे से गुजर रहे थे तहसीलदार बसंत परसोया की नजर पड़ी तो घायल युवक को अपनी गाड़ी में बैठा कर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर उपचार कराया तहसीलदार ने मानवता का निभाया फर्ज। तहसीलदार ने बताया है करीब रात्रि के 10 बजे कि केंद्रीय मंत्री गजेंद्र शेखावत का पलाडिया मेगा हाईवे पर स्वागत कार्यक्रम चल रहा था रहा था। अज्ञात वाहन ने युवक के टक्कर मार दी जिससे युवक घायल हो गया ।तहसीलदार बसंत परसोया ने एक घायल युवक की नजर पड़ी तो घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर तिजारा में भर्ती कराया । घायल युवक गोपाल पुत्र ताराचंद्र निवासी किशनगढ़ तिजारा से किशनगढ़ जा रहा था कोई अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिससे घायल हो गया था। तिजारा तहसीलदार बसंत परसोया केंद्रीय मंत्री के प्रोटोकॉल में चल रहा था । परिजनों को सूचना दी ।उपचार करा कर के परिजन युवक को अपने घर ले गए।

## गोविंदगढ़ में डॉ जी एस नरूका पार्षद के मुख्य आतिथ्य में मनाई कृष्ण जन्माष्टमी



मरूधर विशेष

**गोविंदगढ़। दिनेश लेखी।** श्री श्याम नवयुवक मंडल गोविंदगढ़ द्वारा शनिवार को श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर दही हांडी प्रतियोगिता की गई जिसमें प्रथम स्थान पर आने वाले प्रतियोगियों को ?551 का इनाम दिया गया। इसके बाद श्री कृष्ण जन्माष्टमी के शुभ अवसर पर बालक बालिकाओं द्वारा भगवान श्री कृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन किया गया श्री कृष्ण सुदामा लीला की गई श्री कृष्ण राधा द्वारा रासलीला की गई। अनेकों प्रकार का भगवान श्री कृष्ण का वर्णन किया गया और डांस प्रतियोगिताएं की गई जिसमें फर्स्ट आने वाली प्रतियोगिताओं को ?251 का इनाम दिया गया और सभी बच्चों जनों ने भाग लिया उनको जिसमें 4 1 नन्हे-मुन्ने बच्चों बालिकाओं बालिकाओं द्वारा श्री कृष्णा के भजनों पर डांस किया गया जिनको मुख्य अतिथि डॉक्टर जी एस नरूका पार्षद नगर पालिका गोविंदगढ़ जिला महामंत्री जिला कांग्रेस कमेटी अलवर प्रभारी दलजगत राजस्थान प्रदेश कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष श्री राजपूत सभा तहसील गोविंदगढ़ अलवर ने सभी बच्चों को बालिकाओं को बालको 41 को अपनी ओर से सभी को सम्मानित किया गया सम्मान में बच्चों को चॉकलेट ?10 वाली सभी को दी गई। उससे सभी बच्चों को बहुत खुशी हुई। उसके बाद कृष्ण भगवानऔर राधा रात्रि 12:00 बजे आरती कर प्रसाद वितरण किया गया इस मौके पर गोविंद प्रसाद शर्मा,गिर्राज प्रसाद सेन,ओम प्रकाश सेन ,अध्यक्ष नितिन शर्मा ,कोषाध्यक्ष राहुल शर्मा, विष्णु दत्त शर्मा ,संतोष सेन, उपाध्यक्ष धीरज शर्मा ,मंत्री धर्मवीर दीक्षित, कन्हैया यादव ,गोपी सेन, डांस अध्यक्ष कुमारी पलक सेन, डॉ. महेन्द्र कुमार चितौसिया, गिर्राज प्रसाद आर्य,पेंटर नरेंद्र कुमार चितौसिया, नूतन शर्मा, संजय शर्मा ,सुरेश सेन, रमेश सेन, एईएन बिजली विभाग घनश्याम शर्मा, सुरेश शर्मा अध्यापक, राजू सेन भोम सिंह,सेन रमेश सेन, कार्यक्रम का संचालन गोपेश शर्मा अध्यापक ने किया काफी संख्या में महिलाएं एवं पुरुष मौजूद रहे।

## मेवात बोर्ड के अध्यक्ष जुबेर खान एवं विधायक सफिया ने रामगढ विधानसभा में विभिन्न कार्यक्रम लिया भाग



मरूधर विशेष

**कठूमर। दिनेश लेखी।** कांग्रेस के दिग्गज नेता एवं मेवात बोर्ड के अध्यक्ष जुबेर खान एवं रामगढ विधायक सफिया जुबेर ने शनिवार को रामगढ विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों में दौरा कर विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लिया। शनिवार को आयोजित कार्यक्रम के तहत राजकिय बालिका उच्च माध्यमिक विधालय रामगढ में मां सरस्वती की वंदना कर विधालय में शिक्षा प्राप्त कर रहे विधार्थियों को गणवेश मेवात बोर्ड के अध्यक्ष ने वितरित किये। इसके बाद मुख्यमंत्री द्वारा बजट में घोषणा 22-23 के अन्तर्गत मालाखेडा से हल्दीना, नेथला, जातपुर, मीणापुरा,विलाईवाला,तक सडक का चौडाईकरण एवं सुद्रीकरण कार्य का शिलान्यास मेवात बोर्ड के अध्यक्ष जुबेर खान ने किया। इस मौके पर रामगढ विधायक साफिया जुबेर,प्रधान नसरू खान सहित सैकडो कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। इसी कडी में मोहर सिंह जाट के मकान से मानसिहं पंच के मकान की ओर लालपुरी सडक का उद्घाटन किया। इस पर लालपुरी गांव के ग्रामीणो ने मेवात बोर्ड अध्यक्ष जुबेर खान,विधायक सफिया जुबेर का स्वागत किया तथा जनसुनवाई की जिसमें ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान जल्दी करने का आश्वासन दिया इस अवसर पर विधायक सफिया जुबेर,रामगढ प्रधान नसरू खान,बंबोली सरपंच,पुष्पेन्द्र धाबाई रामगढ प्रभारी मौजूद रहे ।

## जुबेर खान ने पूर्व प्रधानमंत्री स्वःराजीव गांधी को माला पहनाकर दी श्रद्धांजलि



मरूधर विशेष

**अलवर। दिनेश लेखी।** जिला कांग्रेस कमेटी अलवर की ओर से भारत रत्न, कंप्यूटर क्रान्ति के जनक, भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्व.राजीव गांधी के 78 वें जन्मदिन को सद्भावना दिवस के रूप में मनाया गया । मेवात विकास बोर्ड के चेयरमैन जुबेर खान ने कहा कि राजीव गांधी ने एससी, एसटी,पिछड़ा वर्ग एवं महिलाओं को आरक्षण का लाभ देकर उनके उत्थान में महत्ती भूमिका निभाई। अपने संबोधन में कहा कि राजीव गांधी जी का सपना था, देश को 21वीं सदी की ओर ले जाना,भारत में सूचना क्रांति के जनक थे, देश में पहला कंप्यूटर लाने वाले राजीव गांधी ही थे। पंचायती राज को मजबूत करने का काम राजीव गांधी ने किया था।

## राव राजपूत समाज के प्रतिभावान छात्र छात्राओं का सम्मान समारोह आज

**जयपुर।** राव राजपूत वेलफेयर ग्रुप जयपुर द्वारा आयोजित राव राजपूत समाज के10 जिलों के प्रतिभावान विद्यार्थियों का शिक्षा सम्मान समारोह का आज आयोजन किया जाएगा। शिक्षा के क्षेत्र में प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह राव राजपूत वेलफेयर ग्रुप जयपुर द्वारा आयोजित किया जा रहा है। जिसमें राजस्थान के 10 जिले (जयपुर, अजमेर, अलवर, नागौर, हनुमानगढ़, दोसा, सवाई माधोपुर, करौली, टोंक एवं समस्त शेखावाटी क्षेत्र) के वर्ष 2022 के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान किया जाएगा। शिक्षा प्रतिभावान सम्मान समारोह राव राजपूत वेलफेयर ग्रुप जयपुर द्वारा आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम के आयोजन को लेकर सत्यनारायण राव ईसरदा मुख्य संरक्षक (राव राजपूत वेलफेयर ग्रुप जयपुर एवं अक्षय शिक्षा जन कल्याण योजना) ने बताया कि कार्यक्रम का आयोजन रविवार 21 अगस्त 2022 को दोपहर 12:15 से 5:30 तक आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम स्थलङ्क राजस्थान राज्य स्काउट ग्राउंड जयाचार्य मार्ग रामनिवास बाग बरडिया कॉलोनी जयपुर रखा गया है। जिसमें वर्ष 2022 के राव राजपूत समाज के 10 जिलों के प्रतिभावान विद्यार्थियों एवं अन्य क्षेत्रों में विशेष उपलब्धि हासिल करने वालों का सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। समारोह का आयोजन राव राजपूत महिला ग्रुप जयपुर द्वारा किया जाएगा

## संपादकीय

### मानवता की प्रार्थना

दुनिया के इतिहास की सबसे बड़ी त्रासदियों में शामिल भारत विभाजन की विभीषिका में जिन लाखों निर्दोष लोगों की जानें गईं, अब उनकी शहादत को गरिमा देना समय की पुकार है। इस सांप्रदायिक हिंसा में मारे गये लाखों लोगों को श्रद्धांजलि देने के लिये मंगलवार को अकाल तख्त में पहली बार जिस विशेष 'अरदास समागम' का आयोजन किया गया, वह मानवता के प्रति हमारे दायित्वों का बोध कराता है। इस समागम में सभी संप्रदायों के लोगों ने भागीदारी की और मांग की गई कि भारत व पाकिस्तान की सरकारें कम से कम एक दिन अपनी संसद में शोक प्रस्ताव पारित करके विभाजन की त्रासदी के शिकार दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि दें। निस्संदेह, जब दोनों देश आजादी के 75 साल पूरे कर रहे हैं तो ऐसी सार्थक पहल वक्त की जरूरत कही जा सकती है। निस्संदेह, विभाजन का दंश झेलने वाले इन लोगों ने दोनों देशों की आजादी की कीमत चुकाई है, जो एक मायने में आजादी के लिये शहादत का ही एक रूप है। जिनका भावपूर्ण स्मरण हमारा नैतिक दायित्व भी बनता है। निस्संदेह, ऐसी पहल हर इंसान को सोचने को विवश करेगी कि सांप्रदायिक संकीर्णताएं मानवता के लिये कितना बड़ा अभिशाप हैं। जो आपराधिक तत्वों को हिंसक कृत्य करने और स्वच्छंद व्यवहार करने का अवसर देती हैं। यह भी कि तत्कालीन राजनीतिक दलों ने अपने निहित स्वार्थों के लिये मानवता की रक्षा के दायित्वों का ईमानदारी से निर्वहन नहीं किया। हमारी आजादी के लिये इन लाखों लोगों ने कितनी बड़ी कीमत चुकाई, वह कल्पना से परे की बात है। सदियों से स्थापित जड़ों से उखड़कर कई पीढ़ियों से अर्जित चल-अचल संपत्ति को कुछ ही क्षणों में गंवाना किसी वज्रपात से कम नहीं था। वजह सिर्फ यह कि धार्मिक संकीर्णताओं ने हैवानियत की आग में घी डालने का काम किया। निस्संदेह, इस त्रासदी के मूल में ब्रिटिश हुकमरानों की साजिश भी शामिल थी, जो भारतीय आजादी को विफल बनाने की साजिश कर रहे थे।

बहरहाल, आजादी के 75 साल पूरे होने पर दोनों देशों के हुकमरानों को सोचना होगा कि कटुता की यह आग राजनीतिक स्वार्थों के लिये और न भड़कायी जाये। इस आग की कीमत सिर्फ और सिर्फ मानवता को ही चुकानी पड़ती है। भौगोलिक सीमाओं ने अब हमें पड़ोसी बनाया है, हम पड़ोसी नहीं बदल सकते। 21वीं सदी में दोनों देशों और सभी संप्रदायों को सोचना होगा कि हमारी संकीर्ण सोच के चलते मानवता ने कितनी बड़ी कीमत चुकायी है। यह उदाहरण है कि सांप्रदायिक ध्रुवीकरण की राजनीति कितनी घातक होती है। जिन लाखों लोगों ने अपने घर-बार, परिवार और चल-अचल संपत्ति गवांई, उनकी कभी न खत्म न होने वाली टीस बार-बार इस जहरीली सोच की हकीकत बताती है। निस्संदेह, सांप्रदायिकता की राजनीति आग से खेलने जैसी होती है जिसकी कीमत दोनों ही संप्रदायों को चुकानी पड़ती है। राजनीतिक ताकतें इसी सांप्रदायिकता का भय दिखाकर ही अपने निरंकुश एजेंडे और मनमानी नीतियों को अंजाम देकर सत्ता में बनी रहती हैं। इसी आग में विकास और नई संभावनाओं का पराभव होता है। किसी भी तरह का संघर्ष व तनाव मनुष्यता के स्वाभाविक विकास में बाधक ही है। ईश्वर ने सभी इंसानों को एक जैसा बनाया है जो जन्म से एक जैसे ही होते हैं। लेकिन धार्मिकता की संकीर्णताएं इंसान में विभाजन के बीज बो देती हैं। निस्संदेह, धर्म व्यक्ति का निजी व्यवहार है। उसकी सीमा वहां खत्म हो जाती है जहां दूसरे की आस्था शुरू होती है। सीमाओं का यही अतिक्रमण मानवता के लिये अभिशाप बनता है। कभी कहा जाता रहा है कि सांप्रदायिकता का घातक प्रभाव अशिक्षा के चलते होता है, लेकिन विडंबना देखिये कि पढ़ी-लिखी पीढ़ी भी सांप्रदायिकता के संजाल में उलझती जा रही है। आने वाली पीढ़ियों का भविष्य सुरक्षित करने के लिये सोलहवीं सदी की कबीलाई सोच से मुक्त होने की जरूरत है। अन्यथा यह टकराव व हिंसा का ज्वार मानवता की प्रगति व विकास पर ग्रहण बनकर उसे लीलता रहेगा। यह जागने का वक्त है। भारत-पाक को वीजा नीतियों में उदारता से लोगों के आपसी संपर्क को बढ़ावा देकर मानवता के संवर्धन का मार्ग प्रशस्त करना होगा।

### थोक महंगाई में नरमी

खाद्य वस्तुओं और विनिर्मित उत्पादों की कीमतों में नरमी से थोक कीमतों पर आधारित मुद्रास्फीति में गिरावट आई है। थोक मूल्य सूचकांक (ड़ब्ल्यूपीआई) आधारित मुद्रास्फीति जुलाई में 13.93 प्रतिशत रही जो पिछले पांच महीनों में सबसे निचला स्तर है। जून में यह 15.18 प्रतिशत और मई में 15.88 प्रतिशत की रिकॉर्ड ›चाई पर थी। गिरावट का असर खुदरा महंगाई दर में नरमी के रूप में देखने को मिलेगा बशर्ते कच्चे तेल की कीमतों पर जो दबाव है, उसमें कमी हो। यदि कच्चे तेल के दाम ऊंचे बने रहे तो थोक मूल्य सूचकांक में गिरावट का लाभ उपभोक्ताओं को मिलने में देरी होगी। अच्छी बात यह है कि वैश्विक अर्थव्यवस्था में सुधार हो रहा है। धातु, तेल और उर्वरक की मांग में वृद्धि से वैश्विक अर्थव्यवस्था में सुधार के संकेत हैं। कच्चे तेल की कीमतों में नरमी और आपूर्ति पक्ष की अड़चन दूर की जा सकीं तो यकीनन थोक कीमतों पर आधारित मुद्रास्फीति और कम करने में मदद मिलेगी। ड़ब्ल्यूपीआई महंगाई में जुलाई में लगातार दूसरे महीने गिरावट का रुख देखने को मिला है। लेकिन पिछले साल अप्रैल से, यानी सोलह माह में, अभी भी यह लगातार दो अंकीय बनी हुई है। वैश्विक अर्थव्यवस्था रूस-यूक्रेन युद्ध और कोरोना महामारी के प्रभावों से जूझ रही है। मजबूत मानी जाने वाले देशों के अंदरूनी हालात निराशाजनक हैं, और वैश्विक मंदी का अंदेशा जताया जा चुका है। ऐसे में थोड़ा भी कुछ सकारात्मक होता है, तो निश्चित ही बड़ा संबल होगा। भारत के बुनियादी संकेतक मजबूत हैंग लेकिन सरकार के सामने खुदरा महंगाई बड़ी चुनौती है। भारतीय रिजर्व बैंक ने ब्याज दर बढ़ाई है ताकि खुदरा महंगाई को काबू में रखा जा सके। थोक महंगाई में नरमी निश्चित ही सुखद घटनाक्रम है, लेकिन इसका फायदा उपभोक्ता तक तभी पहुंच पाएगा जब कच्चे तेल के दामों में थोड़ी नरमी आए। महीनों से चिंता का सबब बनी थोक महंगाई में गिरावट निश्चित ही अर्थव्यवस्था के लिए पुरसुकून स्थिति है।




## चिंतन-मनन

### ध्वनि तंरगों से रोगें का उपचार

यह बात जान कर आप सभी को आश्चर्य होगा की ध्वनि तंरगें से भी रोगों के उपाच होते है। यह विश्व जीवों से भरा है। ध्वनि तंरगों की टकराहट से सुक्ष्म जीव मर जाते है, रात्री में सूर्य की पराबैगनी किरणां के अभाव में सूक्ष्म जीव उत्पन्न होते है जो ध्वनि तरगों की टकराहट से मर जाते है। ध्वनि तरगों से जीवों के मरने की खोज सर्वप्रथम बर्लिन विश्वविधालय में 1928 में हुई थी। शिकागों के डॉ.ब्राइन ने ध्वनि तरगों से जीवों के नष्ट होने की बात सिद्ध की है। आधुनिक वैज्ञानिकों ने सिद्ध किया कि शंख और घण्टा की ध्वनि लहरों से 27 घन फुट प्रति सेकिंड वायु शक्ति वेग से 1200फुट दूरी के बैक्टीरिया नष्ट हो जाते है।
पूर्व में मंदिरों का निमार्ण गुम्वजाकार होता था दरवाजे छोटे होते थे अन्दर की ध्वनि बाहर नही निकलती थी, बाहर की ध्वनि अन्दर प्रवेश नही करती थी। मन्दिर में एक ईष्ट देव की प्रतिमा, एक दीपक, एक घण्टा, शंख होता था। यहां कोई भी रोगी श्रद्धा से जाता घण्टा या शंख ध्वनि कर दीप जलता बैठ कर श्रद्धा से प्रार्थना भक्ति करता, मौन ध्यान करता। रोंगों के ठीक होने की कामना करता वह ठीक हो जाता था। इसका बैज्ञानिक कारण घण्टा -शंख ध्वनि भक्ति प्रार्थना की ध्वनि तंरगें बाहर न जाकर गुम्वजाकार शिखर से टकराकर शरीर से टकराती जिससे शरीर के रोगाणु नष्ट हो जाते रोग ठीक हो जाते। आज भी पुराने मंदिरों में यह होता है। इसलिये सीमित मात्रा में बोलना ठीक है। ध्वनि ज्यादा मात्रा में प्रदूषण का रूप ले लेती है, जो शारीरिक एवं मानसिक दृष्टि से हानिकारक होती है। मौन रहने में ही सुख एवं सुख मय जीवन है।

# कोलाहाल में भी गूंजती थी राकेश झुनझुनवाला की आवाज

आर.के. सिन्हा

कोलाहाल में भी राकेश झुनझुनवाला की आवाज को साफतौर पर सुना जा सकता था। उनकी आवाज में विश्वास और अनुभव को महसूस किया जा सकता था। वे जब किसी से मिलते तो ये ही कहते थे- 'क्या हाल है आपका ? 'क्या कर सकता हूं मैं आपके लिए? 'मार्केट किस तरफ जाएगीज।' जाहिर है, वे जब मार्केट का जिक्र करते थे तब वे शेयर बाजार की चाल के बारे में अपने करीबियों से भी उनकी राय पूछते थे। हां, पर वे किसी भी कंपनी के स्टॉक में निवेश करते हुये अपने शेयर मार्केट के अनुभव का ही सहारा लेते थे। उनके आकस्मिक निधन से देश के उन लाखों निवेशकों का एक तरह से विश्वस्त मार्गदर्शक विदा हो गया है, जिसे देखकर वे हजारों निवेशक भी शेयर मार्केट में निवेश करके अच्छा पैसा कमाने लगाने थे। वे बेशक आज के दिन के देश की शेयर मार्केट के सबसे बड़े ब्रांड एंबेसेडर थे। भारत के शेयर बाजार का जिक्र उनकी चर्चा किये बगैर अधूरा ही रहता था।

राकेश झुनझुनवाला मलंग किस्म के शख्स थे। वे कभी-कभी अपने दफ्तर में बिना प्रेस की हुई शर्ट पहनकर भी चले जाते थे। एक बार राकेश झुनझुनवाला से किसी पत्रकार ने पूछा कि आपकी शर्ट में सिलवटें क्यों रहती हैं। राकेश झुनझुनवाला ने कहा था- 'मैंने 600 रुपये देकर अपनी शर्ट प्रेस कराई थी, इसके बाद भी उसमें सिलवटें पड़ गईं तो मैं क्या कर सकता हूं? दरअसल वह शर्ट ही ऐसी थी। मुझ पर इससे क्या फर्क पड़ता है? मुझे कौन सा वहां क्लाइंट बनाना या कस्टमर बनाना है? मैं तो शॉर्ट्स पहनकर भी ऑफिस चला जाता हूं।' राकेश झुनझुनवाला कई कंपनियों के बोर्ड में डायरेक्टर भी थे।



राकेश झुनझुनवाला का संबंध मुंबई में बस गए एक मारवाड़ी परिवार से था। उनके पिता राजस्थान के मारवाड़ क्षेत्र से मुंबई में आकर बस गए थे। वे इनकम टैक्स विशेषज्ञ थे। वे मेहनत करके घर चलाने वाले इंसान थे। राकेश झुनझुनवाला ने अपने पिता को कड़ी मेहनत करते हुए देखा था। वे स्कूल के दिनों से ही मेधावी छात्र थे। वे चार्टर्ड अकाउंटेंट बने और उसके बाद वे देखते-देखते स्टॉक मार्केट के सबसे खास निवेशक और विशेषज्ञ बन गए। उन्हें देश के लाखों निवेशक रोज बिजनेस चैनलों पर सुनकर शेयर बाजार में निवेश करने के संबंध में अपनी राय बनाते थे। हालांकि, वे बार-बार अपने सुनने वालों को कहते थे कि किसी भी कंपनी के शेयर में निवेश करने से पहले कंपनी का पूरा विश्लेषण कर लो। आपको अच्छे से विश्लेषण किए बगैर निवेश करने से बचना होगा। इसके अलावा कंपनी की भविष्य की योजनाओं और उसके टॉप मैनेजमेंट पर भी नजर रखनी होगी। अगर आप ये सब कर सकते हैं तब ही आपको स्टॉक मार्केट में निवेश करने के बारे में सोचना चाहिए। अन्यथा नहीं। उनसे टिप्स लेकर लाखों निवेशकों ने शेयर मार्केट से अच्छा पैसा कमाया ।

कहते हैं कि जो इंसान बिजनेस में रिस्क लेने से घबराता हो उसे बिजनेस की दुनिया से दूर ही रहना चाहिए। बिजनेस और निवेश में कभी-कभी तगड़े झटके भी लगते हैं। राकेश झुनझुनवाला ने भी बिजनेस में कई बार भारी नुकसान उठाया था। पर वे हमेशा ही रिस्क लेने के लिय तैयार रहते थे। इस लिहाज से राकेश झुनझुनवाला 100 फीसद व्यापारी मन के इंसान थे। वे बिजनेस में घाटा उठाने से घबराते नहीं थे। उनकी योजनाएं भी दीर्घकालिक होती थीं। वे मानते थे कि उस धंधे में निवेश करना चाहिए जिसमें आगे चलकर ठोस संभावनाएं बनती हों। इसी सोच को ध्यान में रखते हुये उन्होंने 'अकासा एयर' नाम की एयरलाइन एक अल्ट्रा-लो कॉस्ट विमान सेवा में मोटा निवेश भी किया था।

राकेश झुनझुनवाला इस एयरलाइन में 3.5 करोड़ डॉलर या करीब 264 करोड़ रुपये का निवेश कर चुके थे। वो इसके लिए 70 विमान खरीदने की तैयारी कर रहे थे। राकेश झुनझुनवाला एविएशन सेक्टर में तगड़ा निवेश करने लगे तो कहते हैं कि उन्हें उनके एक उद्योगपति मित्र ने कहा कि यह ( एविएशन) इस तरह का बिजनेस है जहां पर अरबपति आते हैं और वे लखपति बनकर रह जाते हैं। उन्होंने अपने मित्र को फौरन जवाब दिया कि भारत का एविएशन सेक्टर लंबी छलांग लगाने के लिए तैयार है। अब देश का चप्पल पहनने वाला शख्स भी विमान से सफर करने लगा है। देश के अनेक हवाई अड्डों पर रेलवे स्टेशनों से अधिक मुसाफिरों की भीड़ रहती है। इसलिये एविएशन सेक्टर की ग्रोथ को अब कोई नहीं रोक सकता। उनकी बात सही थी। देश में मिडिल क्लास की बढ़ती संख्या और एविएशन सेक्टर का विकास एक साथ हो रहा है। अब मिडिल क्लास सिर्फ हवाई यात्रा करके ही अपने गंतव्य स्थान की तरफ जाना पसंद करता है, इसलिए देश में नए-नए हवाई अड्डों का निर्माण हो रहा है। यह क्रम जारी ही रहने वाला है। देश के एविएशन सेक्टर में रोजगार के अवसर भी भरपूर पैदा हो रहे हैं।

जाहिर है, राकेश झुनझुनवाला जैसा समझदार निवेशक पैसा फूंकने के लिए तो कहीं निवेश करेगा नहीं। इसलिए ही उन्होंने अकासा एयर में निवेश किया। सरकार ने जब आकासा एयर को अपनी सेवा को शुरू करने की मंजूरी दी थी तो उसके कुछ समय के बाद वे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से भी मिले थे। इस मुलाकात की एक तस्वीर में वे कुर्सी पर बैठे दिख रहे हैं, जबकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और राकेश की पत्नी रेखा झुनझुनवाला खड़े होकर उनसे बात करते नजर आ रहे थे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी भारत के वॉरेन बफेट, बिग बुल और दिग्गज निवेशक राकेश झुनझुनवाला का सदा सम्मान करते थे। राकेश झुनझुनवाला के निधन पर प्रधानमंत्री मोदी ने उन्हें याद करते हुए कहा कि वे अदम्य थे। वह काफी मजाकिया और व्यावहारिक थे। भारत को वित्तीय दुनिया में उन्होंने अमिट योगदान दिया। वह भारत की प्रगति के प्रति अति भावुक भी थे। उनका आकस्मिक जाना दुखद है। उनके परिवार और प्रशंसकों के प्रति मेरी संवेदनाएं।

राकेश झुनझुनवाला मलंग किस्म के शख्स थे। वे कभी-कभी अपने दफ्तर में बिना प्रेस की हुई शर्ट पहनकर भी चले जाते थे। एक बार राकेश झुनझुनवाला से किसी पत्रकार ने पूछा कि आपकी शर्ट में सिलवटें क्यों रहती हैं। राकेश झुनझुनवाला ने कहा था- 'मैंने 600 रुपये देकर अपनी शर्ट प्रेस कराई थी, इसके बाद भी उसमें सिलवटें पड़ गईं तो मैं क्या कर सकता हूं? दरअसल वह शर्ट ही ऐसी थी। मुझ पर इससे क्या फर्क पड़ता है? मुझे कौन सा वहां क्लाइंट बनाना या कस्टमर बनाना है? मैं तो शॉर्ट्स पहनकर भी ऑफिस चला जाता हूं।' राकेश झुनझुनवाला कई कंपनियों के बोर्ड में डायरेक्टर भी थे। वे जब बोर्ड की बैठकों में भाग लेते थे तो कंपनी के सीईओ और दूसरे आला अफसर पूरी तैयारी के साथ उसमें भाग लेते थे, क्योंकि, वे खामियां दिखने पर तो सवालों की झड़ी लगा देते थे। वे सिर्फ सवाल ही नहीं पूछते थे। राकेश झुनझुनवाला उचित सुझाव भी देते थे, ताकि कंपनी को लाभ होने लगे और उसके निवेशक भी कमाने लगें। उनके निधन से देश ने वन एंड ऑनली राकेश झुनझुनवाला को खो दिया है। वे जीवंत, अंर्तदृष्टिपूर्ण और भारत को लेकर बहुत आशावादी इंसान थे।

(लेखक, वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं।)

## विचार मंथन

# कश्मीरी पंडित खौफजदा

सिद्धार्थ शंकर

दक्षिण कश्मीर में एक बार फिर टारगेट किलिंग का मामला सामने आया है। शोपियां में मंगलवार को आतंकियों ने दो भाइयों पर फायरिंग कर दी। इसमें एक की मौत हो गई, जबकि दूसरा घायल है। छोटेपोरा इलाके में दोनों भाई सेब के बागान में काम कर रहे थे। इस दौरान वहां कुछ आतंकी आए और फायरिंग शुरू कर दी। गोली लगने से एक भाई की मौत हो गई। उसकी पहचान सुनील कुमार भट्ट के रूप में हुई है। वह चार बेटियों के पिता थे। वहीं, उनका भाई पीतांबर नाथ पंडित उर्फ पिंटू कुमार गंभीर रूप से घायल है, उसे अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। खुफिया एजेंसियों के मुताबिक टारगेटेड किलिंग पाकिस्तान की कश्मीर में अशांति फैलाने की नई योजना है। माना जा रहा है कि इसका मकसद, धारा 370 हटने के बाद जम्मू-कश्मीर में कश्मीरी पंडितों के पुनर्वास की योजनाओं पर पानी फेरना है। 370 हटने के बाद से ही कश्मीर में टारगेटेड किलिंग कि घटनाएं बढ़ी हैं, जिसमें खास तौर पर आतंकियों ने कश्मीरी पंडितों, प्रवासी कामगारों और यहां तक कि सरकार या पुलिस में काम करने वाले उन स्थानीय मुस्लिमों को भी सॉफ्ट टागरेट बनाया है, जिन्हें वे भारत का करीबी मानते हैं। कश्मीर में हर महीने टारगेट किलिंग के पीछे आतंकवादियों पर बढ़ता मानसिक दवाब है। अगर हम मौजूदा आंकड़ों पर नजर दौड़ाएं तो इस समय कश्मीर घाटी में सक्रिय आतंकियों की संख्या 150 से भी कम होकर रह गई है। हालांकि जम्मू-कश्मीर पुलिस इस वर्ष के अंत तक सक्रिय आतंकियों की संख्या 100 से भी नीचे लाने का लक्ष्य लेकर चल रही है। यही वजह है कि सक्रिय आतंकी टारगेट किलिंग को अंजाम देकर अपने गिरते मनोबल को ऊंचा करने के साथ-साथ कश्मीरी युवाओं को आतंकी संगठनों में शामिल करने की फिराक में हैं। जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 हटने के बाद धीरे-




धीरे प्रदेश प्रगति के पथ की ओर बढ़ रही है। अगर हम इस समय कश्मीर की बात करें तो इस बार पर्यटकों की संख्या पहले कुछ वर्षों के मुकाबले चार गुना बढ़ गई है। कश्मीर में अब हर होटल पूरी तरह से बुक हो रहे हैं। पर्यटन क्षेत्र से जुड़े कारोबारियों के चेहरे खिले हैं। देश-विदेश से लाखों की तादाद में पर्यटक कश्मीर घूमने आ रहे हैं। यहीं बात सीमा पार बैठे आकाओं को रास नहीं आ रही है। चूंकि कश्मीर में इस समय सक्रिय आतंकियों की संख्या 150 से भी कम होकर रह गई है और कश्मीर के युवा इस बात को अच्छी तरह से समझ चुके हैं कि आतंकवाद के रास्ते पर चलकर उन्हें तबाही से ज्यादा कुछ नहीं मिलेगा। आतंकी संगठनों में नई भर्ती भी अब नाममात्र होकर रह गई है। इसी वजह से बचेखुचे आतंकी अब टारगेट किलिंग को सहारा बनाकर लोगों में खौफ बनाने में जुटे हैं। टारगेट किलिंग एक ऐसी प्रक्रिया है जिसके तहत आतंकी किसी एक व्यक्ति की पूर्ण गतिविधियों पर ध्यान रखकर उसके बारे में पूरी जानकारियां एकत्रित्त करते हैं और अंत में उसे मार देता है। इसमें आम जनता, मजदूर, पुलिस अधिकारी, स्कूल टीचर्स व कश्मीरी पंडित आदि की हत्या में शामिल हैं। टारगेट किलिंग का जम्मू कश्मीर पुलिस द्वारा एक बड़ा कारण यह बताया जा रहा है कि इस ऑपरेशन के पीछे आतंकवादी समूहों का हाथ है। राज्य पुलिस के अनुसार भारतीय सुरक्षा सेना बल की कड़ी निगरानी के कारण कई आतंकी जो सीमा पार से जम्मू कश्मीर में घुसने का प्रयास कर रहे हैं वो अपने प्रयासों में असफल सिद्ध हो रहे हैं जिसके कारण वे बौखला गए हैं और अपनी राह से भटके हुए स्थानीय युवकों को अपना हथियार बना रहे हैं। कहा जा राहा है कि ये आतंकी उन युवकों को बिना प्रशिक्षण के पिस्तौल मुहैया करवा देते है फिर उन्हें एक टारगेट और उसका पता दे देते हैं। जिसे उन युवकों को पूरा करना होता है। महत्वपूर्ण बात यह है की सभी टारगेट भीड़ वाले स्थानों पर दिए जाते हैं जिसकी वजह से कश्मीर की आम जनता में दहशत का माहौल बना हुआ है। अनुच्छेद 370 के मुताबिक, जम्मू-कश्मीर राज्य को विशेष अधिकार मिले हुए थे जिसमें जम्मू-कश्मीर का अलग झंडा और अलग संविधान था। रक्षा, विदेश और संचार के विषय छोड़कर सभी कानून बनाने के लिए राज्य की अनुमति जरुरी थी। जम्मू-कश्मीर के नागरिकों के पास दोहरी नागरिकता होती थी। दूसरे राज्यों के लोग जम्मू-कश्मीर में जमीन नहीं खरीद सकते थे। अनुच्छेद 370 जम्मू-कश्मीर को विशेष राज्य का दर्जा देता था, लेकिन ये संविधान के ही उन मूल अधिकारों पर भी चोट करता था, जिसे संविधान निर्माता बाबा साहेब अम्बेडकर ने संविधान की आत्मा कहा था। 72 सालों तक जम्मू-कश्मीर और देश के बीच अनुच्छेद 370 की जो फांस थी, उसे अब इतिहास बना दिया गया और एक नए कश्मीर की कहानी जरूर लिख दी गई लेकिन अभी तक जम्मू-कश्मीर में बदलाव नजर नहीं आ रहा है।

## ब्लॉगर

# मोदी के भाषण पर विवाद फिजूल

– डॉ. वेदप्रताप वैदिक

लाल किले की प्रचारी से हर साल 15 अगस्त को प्रधानमंत्री जो भाषण देते हैं, उनसे देश में कोई विवाद पैदा नहीं होता। वे प्राय: विगत वर्ष में अपनी सरकार द्वारा किए गए लोक-कल्याणकारी कामों का विवरण पेश करते हैं और अपनी भावी योजनाओं का नक्शा पेश करते हैं। इस बार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के भाषण के लगभग एक घंटे के हिस्से पर किसी विरोधी ने कोई अच्छी या बुरी टिप्पणी नहीं की लेकिन सिर्फ दो बातें को लेकर विपक्ष ने उन पर गोले बरसाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। कांग्रेस के नेताओं को बड़ा एतराज इस बात पर हुआ कि मोदी ने महात्मा गांधी, नेहरू और पटेल के साथ-साथ इस मौके पर वीर सावरकर और श्यामाप्रसाद मुखर्जी का नाम क्यों ले लिया? चंद्रशेखर, भगत सिंह, बिस्मिल आदि के नाम भी मोदी ने लिए और स्वातंत्र्य-संग्राम में उनके योगदान को प्रणाम किया। क्या इससे नेहरू जी की अवमानना हुई है? कतई नहीं। फिर भी सोनिया गांधी ने एक गोल-मोल बयान जारी करके मोदी की निंदा की है। कुछ अन्य कांग्रेस नेताओं ने सावरकर को पाकिस्तान का जनक बताया है। उन्हें द्विराष्ट्रवाद का पिता कहा है। इन पढ़े-लिखे हुए नेताओं से मेरा विनम्र अनुरोध है कि वे सावरकर के लिखे ग्रंथों को एक बार फिर ध्यान से पढ़ें। पहली बात तो यह है कि सावरकर और उनके भाई ने जो कुर्बानियां की हैं और अंग्रेजी राज के विरुद्ध जो साहस दिखाया है, वह कितना अनुपम है। इसके अलावा अब से लगभग 40 साल पहले राष्ट्रीय अभिलेखागार से अंग्रेजों के गोपनीय



दस्तावेजों को खंगालकर सावरकर पर लेखमाला लिखते समय मुझे पता चला कि अब के कांग्रेसियों ने उन पर अंग्रेजों से समझौते करने के निराधार आरोप लगा रखे हैं। यदि सावरकर इतने ही अछूत हैं तो तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने मुंबई में बने उनके स्मारक के लिए अपनी निजी राशि से दान क्यों दिया था? हमारे स्वातंत्र्य-संग्राम में हमें क्रांतिकारियों, गांधीवादियों, मुसलमान नेताओं यहां तक कि मोहम्मद अली जिन्ना के योगदान का भी स्मरण क्यों नहीं करना चाहिए? विभाजन के समय उनसे मतभेद हो गए, यह अलग बात है। कर्नाटक के भाजपाइयों ने नेहरू को भारत-विभाजन का जिम्मेदार बताया, यह बिल्कुल गलत है। मोदी की दूसरी बात परिवारवाद को लेकर थी। उस पर कांग्रेस नेता फिजूल भन्नाए हुए हैं। वे अब कुछ भाजपा मंत्रियों और सांसदों के बेटों के नाम उछालकर मोदी के परिवारवाद के आरोप का जवाब दे रहे हैं। वे बड़ी बुराई का जवाब छोटी बुराई से दे रहे हैं।

बेहतर तो यह हो कि भारतीय राजनीति से 'बाप कमाई' की प्रवृत्ति को निर्मूल करने का प्रयत्न किया जाए। विपक्ष को मोदी की आलोचना का पूरा अधिकार है लेकिन वह सिर्फ आलोचना करे और मोदी द्वारा कही गई रचनात्मक बातों की उपेक्षा करे तो जनता में उसकी छवि कैसी बनेगी? ऐसी बनेगी कि जैसे खिसियानी बिल्ली खंभा नोचती है। विपक्ष में बुद्धि और हिम्मत होती तो भाजपा के इस कदम की वह कड़ी भर्त्सना करता कि उसने 14 अगस्त (पाकिस्तान के स्वाधीनता दिवस) को 'विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस' के तौर पर मनाया। अब तो जरूरी यह है कि भारत और पाकिस्तान ही नहीं, दक्षिण और मध्य एशिया के 16-17 देश मिलकर 'आर्यावर्त' के महान गौरव को फिर लौटाएं।

(लेखक, भारतीय विदेश नीति परिषद के अध्यक्ष हैं)

## अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् ईकाई कुशलगढ़ की बैठक



कुशलगढ़ से अरुण जोशी की रिपोर्ट

**कुशलगढ़।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् ईकाई कुशलगढ़ की बैठक माता मगरी परिसर कुशलगढ़ में आयोजित की गई जिसमें मामा बालेश्वर दयाल राजकीय पीजी महाविद्यालय कुशलगढ़ के लिए प्रत्याशियों की घोषणा की गई जिला सहसंयोजक कान्ति लाल गरासिया ने अध्यक्ष पद के लिए हेमचंद्र निहरता, उपाध्यक्ष के लिए सुषमा राणा महासचिव पद के लिए संतोष देवदा एवम् सयुक्त सचिव पद के लिए अश्विन डामोर के नामों की घोषणा की। इस अवसर पर पूर्व प्रदेश सह मंत्री दीप सिंह वसुनिया पूर्व जिला सहसंयोजक महेश मई डा पूर्व तहसील संयोजक प्रकाश कटारा रमनलाल राणा सुनील रावत दिनेश पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष जीवनलाल निनामा पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष प्रदीप गणावा तहसील सहसंयोजक प्रकाश मई डा देवी सिंह कटारा कमल कटारा पूर्व छात्र संघ महासचिव कमलेश पारगी राजेश हूवर कालू सिंह देवदा सज्जनगढ़ तहसील संयोजक गुड्डू गरासिया चरण सिंह डामोर प्रकाश भाभोर कमलेश झोड़ियां विले श भूरिया बलदेव देवदा विनोद रावत नेवचंद डामोर निलेश कटारा सुनील यादव कुलदीप डामोर गौतम पनदा धनराज मई डा पंकज कटारा विकाश रावत सुमित डिंडोर भरत मई डा दशरथ डाबी घाटा क्षेत्र छात्रा प्रमुख सीमा सा रेल भावना प्रकाश हितेश मंजुला रेखा पिंकी परमार ईश्वर कैलाश देवचंद रमेश सरिता इतरी इंदिरा लक्ष्मी देवदा सहित महाविद्यालय के सैकड़ों छात्र छात्राओं की उपस्थिति रही। अब यह बुजुर्ग परिवार सरकार व बानसूर प्रशासन और ग्राम पंचायत से जल्दी ही सहायता उपलब्ध करानें की मांग कर रहा है।

## महावीर पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल कुशलगढ़ में जन्माष्टमी महोत्सव का आयोजन किया गया



कुशलगढ़ से अरुण जोशी की रिपोर्ट

**कुशलगढ़।** महावीर पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल कुशलगढ़ में जन्माष्टमी महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन बतुल कापडिया एवं चेतना वैष्णव द्वारा किया गया। सभी विद्यार्थियों ने डांस, मटकी फोड़ तथा फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में उत्साह से भाग लिया। डांस में देवकीनंदन ग्रुप प्रथम तथा राधा कृष्ण ग्रुप द्वितीय रहा,फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में स्वीट मकवाना प्रथम रहे एवं मटकी फोड़ प्रतियोगिता में जितेंद्र एवं ग्रुप ने बाजी मारी स्कूल प्रबंधन द्वारा सभी विजेताओं को पारितोषिक प्रदान किए गए। कार्यक्रम में अंकित निगम, स्वप्निल प्रजापत एवं मेघा मैडम द्वारा श्रीकृष्ण की जीवनी पर प्रकाश डाला गया। विद्यालय के व्यवस्थापक प्रशांत जी नाहटा द्वारा विद्यार्थियों को अच्छे कर्म पर बल देने हेतु प्रेरित किया गया। आभार प्रधानाचार्य अर्जुन सिंह द्वारा व्यक्त किया गया।

## छोटी सरवा गांव के 150 व्यक्तियों का जत्था रामदेवरा के लिए रवाना

कुशलगढ़ से अरुण जोशी की रिपोर्ट



**कुशलगढ़।** कुशलगढ़ क्षेत्र के छोटी सरवा गांव के सरपंच विजय सिंह डामोर के नेतृत्व में 150 व्यक्तियों का जत्था रामदेवरा के लिए रवाना हुआ रवाना होने से पूर्व छोटी सरवा के प्रसिद्ध संजय खमेसरा श्रीमती सोनू खमेसरा परिवार की ओर से उनको फल केले वितरण कर जत्थे को रवाना किया सभी रामदेवरा यात्री अपने अपनी मोटरसाइकिल पर सजा झंडे लगाकर और माला पहनाकर अपने अपनी मोटरसाइकिल व्हाट्सएप के द्वारा भजन चल रहे थे और जत्था रवाना हुआ।

## खूब उड़ी गुलाल जन्माष्टमी में फूटी आंनद की मटकियां

मरुधर हिन्द उदयपुर

कोटडा क्षेत्र में शनिवार को कोटडा के अनेक जगह चारभुजा मंदिर, आवासीय विद्यालय, विद्या मंदिर, वनवासी कल्याण आश्रम के राम मंदिर, जुड़ा पिपलेश्वर मंदिर, मांडवा के हनुमान मंदिर, बिकरणी के महादेव मंदिर सहित पूरे हर्षोल्लास से जन्माष्टमी पर्व बड़ी धूमधाम से मनाई गई।



कोटडा में डीजे की धूम पर राम रेवाड़ी निकाली गई जो चारभुजा मंदिर से भगवान श्री कृष्ण नगर निकल कर पंचायत समिति चौराया, शीतला माता मंदिर, कोतवाली, लखारा चोक,सोनी बाज़ार, प्रजापत मोहल्ला होकर गणेश चौराया पहुँची वहां से अम्बाजी मंदिर ,गाँधी मैदान, मेन बाज़ार होकर पुनः चारभुजा मन्दिर पहुंच आरती कर महाप्रसाद वितरण किया गया। निचला थला, राममंदिर,चारभुजा मंदिर, पिपलेश्वर मंदिर जुड़ा, मांडवा के बाखेल हनुमान मंदिर, में विशेषसज सज्जा की गई प्रतिमाओं को विशेष श्रंगारित किया व रात्रि जागरण किया गया।

राम रेवाड़ी में स्थानीय जनसमुदाय व कोटडा के आस पास गाँवो से भी लोगों ने राम रेवाड़ी में भाग लेकर भगवान से सुख समृद्धि की कामना की। कार्यक्रम हिन्दू समाज नवनिर्माण समिति के तत्वावधान में हुआ।

# विश्व हिंदू परिषद का स्थापना दिवस हुआ संपन्न

कुशलगढ़ से अरुण जोशी की रिपोर्ट




**बांसवाड़ा।** विश्व हिंदू परिषद बांसवाड़ा के प्रखंड घाटोल के खमेरा मैं विश्व हिंदू परिषद का स्थापना दिवस कार्यक्रम आदर्श बाल विद्या मंदिर खमेरा में सरपंच साहब लक्ष्मण लाल जी निनामा की अध्यक्षता एवं मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता विश्व हिंदू परिषद प्रांत संगठन मंत्री चित्तौड़ प्रांत आदरणीय भाई साहब धनराज जी,विशिष्ट अतिथि विहिप विभाग मंत्री नरेंद्र जी भगत, जिला अध्यक्ष मांगीलाल जी बुनकर एवं प्रखंड अध्यक्ष मोहन लाल जी पटेल रहे। विश्व हिंदू परिषद बांसवाड़ा के जिला प्रचार व प्रसार प्रमुख तरुण कुमार अडीचवाल ने बताया कि उक्त कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा भारत माता, राम दरबार एवं महिषासुरमर्दिनि के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलन कर हुआ। वीएचपी की प्रांत संयोजिका दुर्गावाहिनी लता पंड्या द्वारा राष्ट्रभक्ति गीत स्वयं अब जागकर हमको जगाना देश है अपना प्रस्तुत किया।

मुख्य वक्ता भाईसाहब धनराज जी ने विश्व हिंदू परिषद की स्थापना के बारे में बताते हुए किन परिस्थितियों में 1964 में मुंबई के संदीपनी आश्रम में श्री कृष्ण जन्माष्टमी के दिन विश्व हिंदू परिषद की स्थापना हुई उसके बारे में पाथेय प्रदान किया भाई साहब धनराज जी ने बताया कि सतयुग , त्रेता युग एवं द्वापर युग में जब-जब आसुरी शक्तियों का आतंक बड़ा है आसुरी शक्तियों को खत्म करने के लिए एवं धर्म की विजय एवं अधर्म का नाश करने के लिए देवताओं ने किसी न किसी रूप में अवतरण लिया है।आज समय आ गया है प्रत्येक हिंदू को अपनी शक्ति को जगाने एवं अपने धर्म एवं संस्कृति की रक्षा के लिए तन मन से समर्पित होना पड़ेगा। मातृशक्ति से आने वाली पीढ़ी को संस्कारित करने एवं धर्म व संस्कृति की रक्षा में अहम भूमिका निभाने हेतु आह्वान किया। कार्यक्रम में सरपंच साहब लक्ष्मण लाल जी निनामा ने धर्मो रक्षति रक्षित; हम धर्म की रक्षा करेंगे तो धर्म हमारी रक्षा करेगा । इसके बारे में विस्तृत बताते हुए सभी से आह्वान किया कि हम सभी सनातन धर्म एवं संस्कृति की रक्षा हेतु हमेशा तत्पर रहेंगे। उक्त कार्यक्रम में प्रांत संयोजिका लता पंड्या ,मातृशक्ति जिला संयोजिका जयश्री सोनी, प्रखंड अध्यक्ष मोहन लाल जी पटेल ,प्रखंड प्रभारी रमेश जी निनामा द्वारा प्रखंड एवं खंड की कार्यकारिणी कार्यकर्ता एवं सनातन धर्म में हमेशा सहयोग करने वाले समाज सेवकों अंजना बुनकर ,चेतना टेलर ,कल्पना पंचाल ,सीमा बुनकर, दीपमाला प्रजापत ,नीमा पंचाल, मणिलाल जीकलाल ,नटवरलालजीदर्जी ,प्रवीण जी पंचाल ,मांगीलाल जी दर्जी ,हितेश कलाल, प्रकाश जी पंचाल, जमनालाल जी दर्जी, भैयालाल भोई, रमेश जी सालवी, कुलदीप जी आमेटा , वैभव जी कराडिया , अरविंद जी जैन, विक्रम सिंह जी , केशव जी पंचाल, भोपाल सिंह जी हावड़ी , शांतिलाल जी घाटोल, आनंद जी मसार , जितेंद्र जी जैन, पिंटू भाई पंचाल ,अर्जुन सालवी , सचिन कलाल, अनिल पंचाल गोरधन सिंह जी आदि का ऊपरना औड़ाकर स्वागत किया गया।

नन्ही बालिका कोपल धीरावत द्वारा राष्ट्रभक्ति कविता प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम का संचालन रमेश जी निनामा ने किया।आभार मोहन जी पटेल ने व्यक्त किया। ये जानकारी तरुण कुमार अडीचवाल जिला प्रचार व प्रसार प्रमुख विश्व हिंदू परिषद बांसवाड़ा ने दी।

# पूर्व प्रधान मंत्राी स्व. राजीव गांधी संचार क्रांति के सूत्राधार - मंत्री जूली

मरुधर विशेष/ दीक्षित कुमार

**अलवर ।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग मंत्री टीकाराम जूली ने कहा कि संचार क्रांति के सूत्राधार पूर्व प्रधान मंत्री स्व. राजीव गांधी ने युवाओं को केन्द्र बिन्दु रखकर राष्ट के विकास में अनेक महत्वपूर्ण कदम उठाये थे।

मंत्री जूली 20अगस्त को मोती डूंगरी स्थित राजीव गांधी पार्क में भारत र% स्व. राजीव गांधी की 78वीं जयन्ती सद्भावना दिवस के अवसर पर राजीव गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उपस्थित लोगों को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्राी स्व. राजीव गांधी को नमन करते हुए कहा कि उनके बलिदान और राष्ट निर्माण में उनकी दूरदृष्टिता को देश भूला नहीं पायेगा। उन्होंने कहा कि स्व. राजीव गांधी ने सकारात्मक सोच रखते हुए संचार क्रांति, पंचायतीराज को सुदृढीकरण किया जिसमें महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण एवं युवाओं को 18 वर्ष की आयु में मताधिकार का अधिकार प्रदान किया।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार स्व. राजीव गांधी के सपनों को साकार करने की दिशा में कई महत्वपूर्ण कदम उठा रही है उन्होंने कहा कि बेरोजगारी भत्ता, बेटियों को निःशुल्क शिक्षा,



अंग्रेजी माध्यम स्कूलों सहित युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए राज्य सरकार निरन्तर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि वर्तमान ग्लोबलाइजेशन के समय में कम्प्यूटर और हाथ में मोबाइल से पूरा विश्व हमारी मुठ्ठी में है। यह संचार क्रांति के महापुरूष राजीव गांधी की देन है। उनकी नीतियों ने देश को प्रगति के पथ पर अग्रसर किया है। भारत को 21वीं सदी में ले जाने का लक्ष्य निर्धारित किया था। उन्होंने आतंकवाद व साम्प्रदायिक ताकतों के विरूद्ध संघर्ष करने का अहम संकल्प लिया था। उनके दूरदर्शी सोच के निर्णय का ही परिणाम है कि आज भारत अंतरराष्टीय मंच पर एक मजबूत राष्ट के रूप में उभरकर सामने आया है। इसके पश्चात मंत्री जूली ने मालाखेडा पंचायत समिति में स्व. राजीव गांधी के श्रृद्धांजलि अपित कर नमन किया। साथ ही वहां पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

इस दौरान रामगढ विधायक श्रीमती सफिया जुबेर खान, मेवात विकास बोर्ड के अध्यक्ष जुबेर खान, जिला बीसूका उपाध्यक्ष योगेश मिश्रा, उमरैण प्रधान दौलतराम, राजेन्द्र गंडूरा, श्रीमती कमलेश सैनी, रिपुदमन गुप्ता, श्रीमती शीला मीणा, सोनू गोपालिया, प्रीतम मेहन्दीरत्ता, दुलीचंद मीणा, एसआर यादव, जोगेन्द्र कोचर, साजिद खां, दशरथ सिंह शेखावत, राजेश विरमाती, जेडी आर्यन सहित प्रबुद्ध व्यक्ति उपस्थित रहे.

## नर्सिंग ऑफिसर का स्थानांतरण होने पर की अनुकरणीय पहल स्टाफ को किया गद्दा भेंट



मरूधर विशेष

**कठूमर। दिनेश लेखी।** उपखंड मुख्यालय पर स्थित राजकीय सामुदायिक चिकित्सालय के चिकित्सा प्रभारी डॉ हेमंत वर्मा ने बताया कि सीएचसी पर कार्यरत नर्सिंग ऑफिसर लक्ष्मी खटनावल का स्थानांतरण एस एम एस जयपुर स्थानांतरण हो जाने पर लक्ष्मी खटनावल के द्वारा अपने नर्सिंग स्टाफ कर्मियों को गद्दा भेंट कर अनुकरणीय पहल की गई। इस मौके पर लक्ष्मी खटनाल ने बताया कि हमारा मुख्य ध्येय समाज में रोगियों की सेवा करना है। सभी को स्थानांतरण होने पर अपने स्टाफ व रोगियों को सौगात के रूप में कुछ देकर जाना चाहिए जिस से सभी को प्रेरणा मिलती रहे। इस मौके पर राम रतन सैनी,अरविंद चौधरी, नीरज, रिंकी, निरीत, विक्रम, मुरारी, राकेश आदि मौजूद रहे।

## पुलिस थाना शास्त्री नगर की बड़ी कार्रवाई नशे के लिए मोटरसाइकिल चोरी करने वाले दो अभियुक्त गिरफ्तार

मरुधर विशेष/क्राइम रिपोर्ट/महावीर सिंह चौहान



परिस देशमुख पुलिस उपायुक्त जयपुर उत्तर ने बताया कि राजकीय कांवटिया अस्पताल शास्त्री नगर जयपुर की स्टाफ पार्किंग में से परिवादी मदनलाल निवासी,सत्य नगर, झोटवाड़ा, जयपुर की हीरो हौंडा पैशन मोटरसाइकिल चोरी हो गई जिस के संबंध में थाना शास्त्री नगर पर मुकदमा दर्ज किया गया धर्मेंद्र सागर अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त जयपुर उत्तर द्वितीय के निर्देशन में महेंद्र गुप्ता सहायक पुलिस आयुक्त शास्त्री नगर जयपुर उत्तर के सुपरविजन में दिलीप सिंह शेखावत पुलिस निरीक्षक थाना अधिकारी पुलिस थाना शास्त्री नगर के नेतृत्व में थाने की विशेष टीम का गठन किया गया और मोटरसाइकिल चोरी करने वाले अभियुक्त मोहम्मद साबिर उर्फ मुन्ना पुत्र मोहम्मद शाकिर उम्र 23 साल जाति मुसलमान निवासी इमाम चौक, थाना बस्ती जयपुर तथा जितेंद्र उर्फ जीतू पुत्र हजारीलाल जाति बलाई उम्र 32 साल निवासी फोरमैन का मकान, राम नगर शॉपिंग सेंटर , 3 शिव मंदिर के पास थाना भट्टा बस्ती, जयपुर की पहचान कर तलाश जारी की और गिरफ्तार किया तथा



महेंद्र गुप्ता सहायक पुलिस आयुक्त शास्त्री नगर उत्तर

चोरी की गई मोटरसाइकिल को बरामद करने में सफलता प्राप्त की । आरोपी नशे के आदी हैं जो स्मेक का नशा करने के लिए मोटरसाइकिल चोरी करते हैं पुलिस टीम के टीम के सदस्यों में अर्जुन लाल, हरनाथ ,उमराव, सुनील कुमार , मनीष कुमार ,कैलाश चंद, राकेश कुमार ,



थानाधिकारी दिलीप सिंह शेखावत, शास्त्री नगर जयपुर

अनिल कुमार कॉन्स्टेबल की भूमिका रही । जिसमें विशेष भूमिका श्रीमती मदन कँवर महिला कॉन्स्टेबल की रही ।

## बेरोजगार पिता ने बेटे को नहर में फेंककर मार डाला:पत्नी से कहा, बेटा दादी के पास छोड़ दूंगा; पुलिस से बोला- खिलाने को कुछ नहीं था

मरूधर विशेष/जालोर,सांचौर/महावीर सिंह चौहान

आर्थिक तंगी से परेशान पिता ने अपने 11 महीने के बेटे को नर्मदा नहर में फेंककर मार डाला। आरोपी ने 2 साल पहले लव मैरिज की थी। कोई काम नहीं होने के कारण घर खर्च नहीं चला पा रहा था। ऐसे में उसने बच्चे को मारने का प्लान बनाया और दादा-दादी के पास छोड़ने के बहाने पत्नी-बच्चे को लेकर गुजरात से राजस्थान आ गया। घटना जालोर के सांचौर की है। करीब 24 घंटे बाद मासूम का शव मिला। पुलिस ने आरोपी पिता को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी मुकेश(24) बनासकांठा के वाव थाना क्षेत्र के नलोधर गांव का रहने वाला है। सांचोर थाने के एएसआई राजू सिंह ने बताया कि अपने 11 महीने के बेटे के मर्डर से पहले गुरुवार को मुकेश ने सिद्धेश्वर (सांचौर) गांव में रामदेवरा यात्रियों के लिए लगाए गए राम रसोड़े में खाना खाया। फिर प%ी से कहा, 'हमारी लव मैरिज के चलते घरवाले नाराज हैं, इसलिए मैं अकेले जाकर बच्चे को उसके दादा-दादी के पास छोड़ आता हूं।'

पुलिस के मुताबिक उसने पत्नी को वहीं पर रोका और 200 मीटर दूर जाकर बेटे को नहर में फेंक दिया। वापस आकर उसने पत्नी को बताया कि बच्चे को घर के बाहर छोड़कर आया हूं। घरवालों को फोन करके बता दूंगा।

**आरोपी बोला- भीख भी मांग चुका हूं**

मुकेश ने पुलिस को बताया कि करीब 2 साल पहले उसने बिहार के मुजफ्फरपुर की लड़की से लव मैरिज की थी। वह अपनी प%ी के साथ अहमदाबाद में रह रहा था। वहां पर वह सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी करता था।

करीब 7 महीने पहले उसकी नौकरी छूट गई। उसने परिवार चलाने के लिए भीख तक मांगी। पर कोई फायदा नहीं हुआ। आर्थिक तंगी से परेशान होकर उसने पूरे परिवार के साथ कांकरिया (अहमदाबाद) तालाब में कूदकर सुसाइड करने का प्लान बनाया था, लेकिन वहां लोगों की आवाजाही होने से तब वह ऐसा नहीं कर पाया

### 20 किलोमीटर दूर मिला बच्चे का शव

राम रसोड़े में पुलिस मित्र काना राम (43) ने पति-प%ी को पहले बच्चे के साथ देखा था, लेकिन थोड़ी देर बाद उनके पास बच्चा नहीं था। शक होने पर उसने सांचौर पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। उसने बताया कि बेरोजगारी के कारण मेरे पास बच्चे को खिलाने के लिए कुछ भी नहीं है, इसलिए नहर में फेंक दिया। आरोपी के कबूलनामे के बाद पुलिस ने शुक्रवार शाम करीब 5 बजे सिद्धेश्वर से 20 किलोमीटर दूर तेतरोल में नहर से बच्चे का शव बरामद कर लिया और पोस्टमार्टम के बाद नगर पालिका के सहयोग से उसका अंतिम संस्कार करवाया।

## शुभेच्छा फाउंडेशन बहरोड़ एवं डबल्यू. आर. आर. सी. द्वारा लंपी स्किन डिजीज के जन जागरूकता पोस्टर का कैबिनेट मंत्री टीकाराम जूली ने किया विमोचन

मरुधर विशेष/ हवासिंह चौधरी



**बहरोड़।** सदभावना दिवस के अवसर पर शहर के राजीव गांधी उद्यान में आयोजित कार्यक्रम में मंत्री जूली ने शुभेच्छा फाउंडेशन बहरोड़ एवं डबल्यू आर आर सी द्वारा जन हित मे जारी लंपी स्किन डिजीज जन जागरूकता पोस्टर एवं पैंपलेट का विमोचन किया, विमोचन के अवसर पर मंत्री जूली ने कहा कि पशुओं के इस रोग को लेकर राज्य सरकार, प्रशासन एवं पशुपालन विभाग पूरी तरह सतर्क एवं क्रियाशील है, एवं रोग प्रकोप के प्रभावी नियंत्रण एवं रोकथाम में किसी भी संसाधन एवं बजट की कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी, साथ ही उन्होने बताया कि संसाधनो एवं आवश्यक औषधियों के क्रय हेतु उन्होने अपने विधायक कोष से दस लाख रुपए की सहायता राशी राहत कोष में उपलब्ध कराई है. उन्होंने इस बचाव मुहीम में समाज सेवी संस्थाओं एवं भामाशाओं के योगदान की भी प्रशंशा की साथ ही गौ माता को बचाने की सरकार की मुहीम का हिस्सा बनने के लिए सभी का आव्हान किया

शुभेच्छा फाउंडेशन अध्यक्ष डॉ विजय मंडोवरा एवं डबल्यू आर आर सी अध्यक्ष विवेक जसाईवाल ने बताया की लंपी स्कीन रोग के बारे मैं जन जागरुकता लाने के उद्देश्य से दस हजार पैंपलेट एवं पोस्टर्स का वितरण संस्थाओं द्वारा किया जा रहा है जिसका विमोचन आज मंत्री श्री जूली द्वारा किया गया है, इससे पूर्व भी छ हजार पोस्टर्स एवं पैंपलेट सार्वजनिक स्थानों, पशु चिकित्सा केंद्रों, गौ शालाओं के बाहर लगवाए गए हैं जिस के कारण लोगों में रोग के प्रति भ्रम की स्तिथि दूर हुई है शुभेच्छा फाउंडेशन सचिव अनुपमा शर्मा ने बताया कि उपचार में काम आने वाले थर्मोमीटर भी पशु चिकित्सा संस्थाओं को उनकी मांग अनुसार शुभेच्छा फाउंडेशन एवं डबल्यू आर आर सी द्वारा समय समय पर उपलब्ध करवाए जा रहे हैं इस अवसर पर कांग्रेस अध्यक्ष एवं बीसूका उपाध्यक्ष योगेश मिश्रा , श्रीमति साफिया खान, श्री जुबेर खान उमरैण प्रधान दौलत राम डब्ल्यू आर आर सी सचिव सूरज राजपूत, शशांक झालानी, रवि शर्मा आदि उपस्थित रहे

# एक माह पूर्व कुल्हाड़ी से हत्या करने वाले अभियुक्त गिरफ्तार

मरुधर हिन्द उदयपुर



कोटड़ा थाना क्षेत्र के फुलदरिया गांव में दिनांक 17 जुलाई को घटना को अंजाम दिया था। जिसकी रिपोर्ट कोटडा पुलिस थाने में मृतक की प%ी द्वारा 18 अगस्त को दर्ज करवाई गई कि मेरे जेठ ने ही मेरे पति की हत्या की गई है।

### घटना को इस प्रकार अंजाम दिया

पिंटू देवी पत्नी राजू जाती गमार 26 वर्ष निवासी फुलदरिया ने कोटडा थाना में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि किस प्रकार मेरे जेठ द्वारा मेरे पति की हत्या कर शव को जला दिया गया। जमीन विवाद मे जमीन हड़पने को लेक लसा पिता हामथा, मिरिय पिता केसा, होपिया पिता केसा,पूनिया पिता केसा व किरुदेवी प%ी लसा ने षडयंत्र रच मेरे जेठ हामथा पीता लसा को शराब पिलाकर मेरे घर आए और मेरे पति राजू को कुल्हाड़ी से गर्दन पर वार कर हत्या कर लाश को जला दिया गया। कोटड़ा थाना द्वारा प्राथी रिपोर्ट पर प्रकरण संख्या 109/22 धारा 143,302,201 मे दर्ज कर टीम गठित कर मुल्जिमों के संभावित ठिकानों पर दबिश दी गई। 19 अगस्त को मुखबिर द्वारा सूचना दी गई कि मुल्जिम फुलदरिया के जंगलों में छुपे हुए है जिस पर कोटडा थाना टीम ने दबिश देकर लच्छाराम पिता हामला गमार उम्र 38 वर्ष। हापिया पिता केसा उम्र 66 वर्ष। विरिया पिता केसा गमार उम्र 57 वर्ष आडिवाडा। पुनाराम पिता केसा उर्म 52 वर्ष आडिवाडा को गिरफ्तार किया गया। अपराध सही पाए जाने से अपराधियों को गिरफ्तार किया जाकर न्याय अभिरक्षा में भेजा गया।

कोटड़ा थानाधिकारी पवन सिंह के सुपर विजन में टीम गठित कर मुल्जिमों को जंगल से गिरफ्तार किया गया।